## खबर संक्षेप

### राजेश बने डेहरिया-मेहरा समाज व्यापारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष



**परासिया :** परासिया ब्लाक डेहरिया - मेहरा समाज ने बैठक लेकर राजेश डेहरिया को व्यापारी प्रकोष्ठ का अध्यक्ष बनाया गया है । उन्हें सभी सामाजिक बंधुओं , स्वजनों , मित्रों ने बधाई प्रेषित की है ।

### स्वस्थ शुरुआत, आशावादी भविष्य हेतु आर्यवत सोशल वेलफेयर फाउंडेशन ने की घोषणा

**परासिया :** विश्व स्वास्थ्य संघटन ने विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर थीम जारी की जिसका शीर्षक ₹स्वस्थ शुरुआत, आशावादी भविष्य है।संस्था प्रमुख डॉ. संतोष बाथव ने बताया , कि आर्यवत सोशल वेलफेयर फाउंडेशन एवं वैधानिक परिषद् ₹आर्यवत आयुर्विज्ञान चिकित्सा शिक्षा परिषद संघ भारत₹ द्वारा सभी के लिये उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु निरोगी जीवन , एक स्वस्थ दुनियाँ का निर्माण और ₹सार्वभौमिक स्वास्थ्य के लिए वैश्विक कार्यवाही₹ के तहत विश्व स्वास्थ्य संघटन ने ₹विश्व स्वास्थ्य दिवस₹ की 77 वीं वर्षगांठ के अवसर पर दिनांक 07 अप्रैल 2025 को थीम जारी कर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ₹स्वस्थ शुरुआत, आशावादी भविष्य₹ विषय दिया । जिसकी घोषणा आर्यवत सोशल वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा 26 जनवरी 2025 को गणतंत्र दिवस की 76 वीं वर्षगांठ के अवसर पर की थी ।

### सांसद ने कोसमी और जाटाछापर के मंदिर में टेका माथा

**छिंदवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू ने सोमवार को कोसमी के हनुमान मंदिर और जाटाछापर में स्थित बगलामुखी माता मंदिर में माथा टेककर विधि विधान से पूजा अर्चना की और जिलेवासियों के लिए सुख समृध्दि की कामना की। वहीं सांसद श्री साहू भोकई में सिध्द बाबा मंदिर में आयोजित विशाल देवी जागरण में एवं भायदे कॉलोनी छिंदवाड़ा में सोनी परिवार द्वारा आयोजित भंडारे में शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि रविवार की तरह सोमवार को भी सांसद बंटी विवेक साहू का एक अलग ही अंदाज लोगों को देखने को मिला।

## जिंदगी और मौत से जूझ रहे पांच लोग, जिला अस्पताल किया गया रेफर, कपुर्दा से वापस लौट रहा था परिवार

# आमने-सामने की टक्कर में एक परिवार के मासूम सहित तीन की मौत







हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिन्दवाडा

शहर में सोमवार को घाट परासिया में एक बड़ा हादसा हो गया। हादसे में एक मासूम सहित उसके पालकों की मौत हो गई। वहीं पांच लोगों का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। जिनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। उक्त घटना देहात थाना क्षेत्र के घाट परासिया की है।

देहात थाना क्षेत्र के घाट परासिया में सोमवार की दोपहर करीब डेढ़ बजे दो कारों की आमने सामने की भिड़ंत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि दोनों कारों के परखच्चे उड़ गए। इस हादसे में एक मासूम सहित माता पिता की मौत हो गई। वही पांच लोगों को जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। जिनकी हालत गंभीर बनी हुई है। इसमें एक ही परिवार के तीन मासूम अभी भी जिंदगी और मौत से जूझ रहे है। मृतक और घायल एक परिवार गुरैया का रहने वाला है। जो अल्टो कार से कपुर्दा से लौट रहा था। वहीं दूसरा परिवार नागपुर का था जो कपुर्दा जा रहा था। जिसमें एक घायल की गंभीर हालत बनी हुई है।

जानकारी मुताबिक दिव्यांश उइके पिता दिनेश उइके निवासी गुरैया उम्र 11 साल ने बताया कि वह अपने माता-पिता, भाई-बहन और बुआ के साथ सुबह आल्टो से कुर्पदा गया हुआ था। वहां से पूजन पाठ कर दोपहर को वापस घर लौट रहा था। इस दौरान छिंदवाड़ा की तरफ से आ रही डस्टन गाड़ी जो कि महाराष्ट्र के नागपुर की है, घाट परासिया के समीप दोनों की जबरदस्त टक्कर हो गई।

हादसा इतना भीषण था कि दोनों कारों के परखच्चे उड़ गए। इस हादसे में दिनेश पिता विशनलाल उइके उम्र करीब 45 साल, कंचन पति दिनेश उइके 36 साल और सागर पिता दिनेश उइके उम्र करीब 1 साल की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद घटना स्थल पर लोगों का जमावड़ा लग गया।

सूचना पर पहुंची 108 से पांच घायलों को और तीनों शव को जिला अस्पताल लाया गया है। जहां तीनों शव को मरच्युरी में सुरक्षित रख दिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। आज सुबह तीनों शवों का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंपा जाएगा।

इस हादसे में छिंदवाड़ा के गुरैया के रहने वाला मृतक का परिवार कपुर्दा से लौट रहा था। वहीं महाराष्ट्र नागपुर के घायल होने वाले तीनों साथी कपुर्दा जा रहे थे। इस दौरान घाट परासिया में यहा दर्दनाक हादसा हुआ है। इस हादसे में गुरैया निवासी दिव्यांश उइके उम्र 11 साल, सीमा उइके 26 साल, देवांशी उइके उम्र 9 साल, वेदांत उइके उम्र 10 साल, प्रियांश उइके 4 साल और नागपुर के राजेश साहू उम्र 45 साल, धीरज ढोक उम्र 40 साल और महेश भामकर घायल है।

# आंध्रप्रदेश का अंतर्राज्जीय ठगी का मास्टर माईंड पिशुपति विश्वनाथ राव पुलिस गिरफ्त में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिन्दवाडा

कोतवाली पुलिस ने आंध्रप्रदेश का अंतर्राज्जीय ठगी का मास्टर माईंड पिशुपति विश्वनाथ राव को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना कोतवाली छिन्दवाडा के अपराध क्र. 643/2024 धारा 420,201 भा.द.वि. के मामले मे 29 सितंबर 2024 को को प्रार्थी तरुण तिवारी पिता रामनारायण तिवारी उम्र 38 साल निवासी तुलसी नगर चौरई हाल प्रोफेसर कालोनी छिन्दवाडा ने थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि इंटरनेश्वल कम्प्रेशिव केंसर केयर प्रोजेक्ट एवं बडी सामाज सेवी संस्था से अनुबंध कराने के नाम पर डाक्टर पिशुपति विश्वनाथ राव पिता बैकटेश्वर राव द्वारा उसके साथ ठगी एवं धोखाधडी कर 29 लाख 87 हजार 500/- रुपये एवं आन लाईन के माध्यम से लेकर धोखाधडी की गई है। आवेदक तरुण तिवारी जिला छिन्दवाडा जय हो फाउंडेशन के नाम से एनजीओ चलाता है जो आरोपी द्वारा आवेदक से आनलाईन फैस बुक के माध्यम से दोस्त कर जय हो फाउंडेशन ग्रुप को इंटर नेशनल फाउंडेशन ग्रुप से जोड कर अधिक फंडिग कराने के नाम पर तरुण तिवारी से धोखाधडी करने पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया, घटना की जानकारी श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय को दी गई ।

एसपी अजय पाण्डेय, अतिरिक्त पुलिस आयुष गुप्ता द्वारा स्पष्ट निर्देश जारी किये गये है कि इस प्रकार के ऑनलाइन प्लेटफार्म के माध्यम से लोगो को झांसे में लेकर धोखाधड़ी करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही की जाए। थाना प्रभारी कोतवाली उमेश कुमार गोल्हानी द्वारा तत्काल उनि. नारायण सिह बघेल के नेतृत्व मे एक पुलिस टीम को आरोपी को पकड़ने के लिये अतर-राज्य रवाना की गई। पुलिस टीम के द्वारा हैदराबाद, विजयवाडा चैन्नई चित्तुर, तैलंगाना श्रीशेलम जाकर अलग अलग स्थानो पर दविस देकर आरोपी पिशुपति विश्वनाथ राव पिता बैकटेश्वर राव उम्र 52 साल निवासी राज श्री टावर फ्लोर न. 02 फ्लेट न. 4 थाना पेनामालूरु जिला कृष्णा आधप्रदेश को उसके सकुतन से पकड़कर पूछताछ करने पर आरोपी के द्वारा अपना जुर्म करना स्वीकार किया। आरोपी से पुलिस ने फर्जी आईडी कार्ड एवं प्रकरण से संबंधित दस्तावेज, मोबाइल फोन बैंक स्टेटमेंट जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है एवं इसके अन्य साथियों की तलाश जारी है।

## कोतवाली पुलिस की बड़ी कार्यवाही, फोन पर मिला ऑनलाईन आईडी सहित लाखों का हिसाब

# IPL सट्टा खिलाने वाला आरोपी योगेन्द्र गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिन्दवाडा

कोतवाली पुलिस ने आईपीएल सट्टे खिलाने वाले आरोपी को लाखों के हिसाब और किताब के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक अजय पाण्डेय (IPS) द्वारा स्पष्ट निर्देश जारी किये गये है क्षेत्र में कोई भी विधि विरूध्द गतिविधियो के साथ IPL क्रिकेट सट्टा पर प्रभावी कार्यवाही की जाये।

निर्देश के पालन मे श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री आयूष गुप्त (IPS) के मार्गदर्शन मे एवं नगर पुलिस अधीक्षक छिन्दवाडा अजय राणा व थाना प्रभारी कोतवाली उमेश गोल्हानी के नेत्रत्व में कोतवाली पुलिस टीम ने गत दिवस रात्रि में मुखबिर से सूचना प्राप्त कर IPL सट्टे पर कार्यवाही



करते हुये एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर ऑनलाईन आईडी सहित मोबाईल फोन और पांच हजार रूपए नगद एवं हिसाब किताब जप्त कर IPL क्रिकेट सट्टे पर प्रभावी कार्यवाही की गई ।

6 अप्रैल को विश्वसनीय मुखबिर के द्वारा सूचना दी गयी की पोलाग्राउंड मे स्टेज के पास छिन्दवाडा मे उसके माबाईल से क्रिकेट सट्टा की मास्टर आईडी से लोगो को सट्टा खिलाकर अवैध लाभ अर्जित कर रहा है जिसके मोबाईल में सट्टा का हिसाब किताब है जो अभी पोलाग्राउंड स्टेज के पास बैठकर मोबाईल में हिसाब किताब देख रहा है । कार्यवाही हेतु सउनि ब्रिजेश रघुवंशी के नेत्रत्व मे टीम गठित कर हमराह स्टाफ एवं गवाहो को साथ लेकर मुखबिर के बताये स्थान पोलाग्राउंड पर सट्टा रेड कार्यवाही की गई जो योगेन्द्र गोहे पिता राजेन्द्र गोहे उम्र 28 साल निवासी ग्राम हिरदागढ थाना जुन्नारदेव छिन्दवाडा के हाथ मे एक मोबाईल फोन रियलमी 3 ब्लू रंग का मिला जिसमे ब्राउजर एप में URL ADDRESS में https://playsports9.com पर यूजर deven6789 क्रिकेट सट्टा आईडी खुली थी जिसमे क्रिकेट सट्टा का लेन देन का हिसाब था तथा मोबाईल में CRICK-BUZZ एप में क्रिकेट सट्टा के रन और भाव दिखाई दे रहे थे तथा फोन-पे के माध्यम से रूपये ट्रांसफर के हिसाब किताब दिखाई दे रहे थे। योगेन्द्र गोहे के मोबाईल में मिले क्रिकेट सट्टा की आईडी एवं हिसाब किताब के संबंध में पूछताछ पर उक्त क्रिकेट सट्टा की मास्टर आईडी आन लाईन प्राप्त की थी, आरोपी के पास से नगदी 5 हजार रुपये और एक मोबाइल फोन बरामद किया है।

## झुर्रे में धूमधाम से मनाया रामजन्मोत्सव, राममय हुई कॉलोनी



**परासिया :-** परासिया तहसील के ग्राम झुर्रे कॉलोनी में भगवान राम का जन्मोत्सव रविवार को श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। झुर्रे कॉलोनी स्थित हनुमान मंदिर से शोभा यात्रा शाम 5 बजे से प्रारंभ होकर कॉलोनी भ्रमण के पश्चात पुनः हनुमान मंदिर पहुंची ।इसमें बैंड बाजे के साथ सजीव झाकियां निकाली गई । भगवान श्रीराम , लक्ष्मण व माता सीता को विराजित किया गया ।शोभा यात्रा में जगह जगह पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया । शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे और पूरा नगर रामभक्ति में सराबोर हो गया । यात्रा के दौरान जय श्री राम और जय सनातन के जयघोष गूंजते रहे ।यात्रा के मार्ग में जगह जगह भंडारे का भी आयोजन किया गया । मुस्लिम समाज द्वारा भी शोभा यात्रा का स्वागत कर भंडारा कराया गया । बच्चे , युवा , महिलाएं , बुजुर्ग सभी पारंपरिक परिधानों में रामभक्ति में लीन नजर आए ।श्रद्धालु भगवा ध्वज और श्री राम के चित्रों को लेकर चल रहे थे । जिससे पूरी कॉलोनी भगवा रंग में नजर आया । यात्रा का समापन हनुमान मंदिर में आरती तथा विशाल भंडारे के साथ किया गया

# कलेक्टर ऑफिस में 9 को मिली अनुकम्पा नियुक्ति



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पांढुर्णा

आज यहां कलेक्टर अजयदेव शर्मा ने कलेक्टर कार्यालय में कुल 9 युवाओं को अनुकंपा नियुक्ति आदेश प्रदान किए। गौरतलब है कि अभी तक कलेक्टर कार्यालय में सीमित स्टाफ था जिसके कारण कार्यालयीन कार्य अपेक्षाकृत धीरे चल रहा था। इस दौरान कलेक्टर अजयदेव शर्मा तथा अपर कलेक्टर नीलमणी अग्निहोत्री ने भोपाल स्थित उच्च कार्यालय में लगातार संपर्क में रहकर इस संबंध में सारी औपचारिकताएं बडी तेजी से पूरी की। आज सहा. श्रेणी 3 के पदों पर नियुक्त हुए कर्मचारियों में कृतिक पवार छिंदवाडा, शशांक नागले पांढुर्ना, राकेश बेलवंशी सौंसर, निखिल कहार मोहखेड, अनंत अवस्थी छिंदवाडा, रूपाली धुर्वे छिंदवाडा, संतोषी यादव विदिशा तथा लता प्रधान बैतुल शामिल है। इसके अलावा नरेंद्र भारती को भृत्य के पद पर नियुक्ति प्रदान की गई है।

# मंदिर में सरभराकार की जगह उसके वारसानों का नाम भूमि स्वामी के रूप में कैसे हुआ दर्ज!

## 50 ग्रामीणों ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर की न्याय की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पांढुर्णा

आज ग्राम बडचिचोली के लगभग 50 से अधिक ग्रामीणों ने सीताराम महाराज देवस्थान की भूमि के राजस्व रिकार्ड में गडबडी होने की शिकायत लिखित रूप से कलेक्टर कार्यालय में की। ग्रामीणों ने तहसीलदार विनय प्रकाश ठाकुर को ज्ञापन देकर न्याय की मांग की। शिकायत के अनुसार बचिचोली में मंदिर संस्थान की भूमि के राजस्व रिकार्ड में 2020-21 में सीताराम महाराज देवस्थान का नाम दर्ज था तथा इसके सरभराकार के रूप में कृष्णराव पिता पिराजीराव, शिलाबाई शिवाजीराव, सुशील, स्वप्नील अनील पिता शिवाजीराव, पालक माता शिलाबाई जयवंतराव, वैकुंठराव पिता उपासराव के नाम दर्ज थी।



### रिकार्ड से खुद हट गए नाम

इसके बाद वर्ष 2021-2022 के राजस्व रिकार्ड में उक्त सभी नाम हटाकर केवल जैयवंतराव उपासराव तथा वैकुंठराव उपासराव का नाम दिख रहा है। । वर्तमान में मंदिर देवस्थान श्री सीताराम महाराज की जगह सिर्फ इन दो नाम अभिलेख में दर्ज है, और उल्लेखीय है सरभराकार शब्द भी रिकार्ड से हटा दिया गया है। इस परिवर्तन की कोई सूचना मंदिर प्रबंधन को नहीं मिली है। पीडित पक्ष अशोक इंगले ने बताया कि हमारे नाम कटने की जानकारी हमें 2-3 दिन पहले ही मिली है। ग्रामीणों का आरोप सही है इसकी जांच होनी चाहिए। पंकज इंगले ने कहा कि अभी रिकार्ड में हमारा नाम दर्ज है लेकिन हमने किसी नाम काटने के लिए कोई आवेदन नहीं किया और हमें इस बारे में पता नहीं है। शासन राजस्व रिकार्ड को पहले जैसा करता है तो हमें कोई आपत्ति नहीं है।

# मुख्यमंत्री समाधान ऑनलाइन की तर्ज पर होगा समाधान कार्यक्रम

## कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने ली समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिंदवाड़ा

कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक में समय सीमा के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने बैठक में सीएम हेल्पलाइन, सीएम कार्यालय, सीएम हाउस, विभिन्न आयोगों, वरिष्ठ कार्यालयों एवं न्यायालयों से जुड़े लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की। कलेक्टर श्री सिंह ने इन सभी प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री अग्रिम कुमार, एडीएम श्री के.सी.बोपचे, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ज्योति ठाकुर व श्रीमती अंकिता त्रिपाठी और डिप्टी कलेक्टर श्री राहुल कुमार पटेल व श्री आर.के.मेहरा सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में एसडीएम सहित सभी खंड स्तरीय अधिकारी वीसी से जुड़े थे।

**सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों को गंभीरता से लें अधिकारी-** कलेक्टर श्री सिंह ने बैठक में कहा कि सीएम हेल्पलाइन से प्राप्त हितग्राहीमूलक शिकायतें सीधे आमजन की समस्याओं से जुड़ी होती हैं, अतः इन्हें प्राथमिकता से हल किया जाए।

उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि संबंधित अधिकारी स्वयं शिकायतें पढ़ें, जवाब को गंभीरता से तैयार करें और संतोषजनक निराकरण करें। उन्होंने कहा कि केवल औपचारिक जवाब देने की प्रवृत्ति पर रोक लगाई जाए और सभी जवाब तथ्यों पर आधारित हों। कलेक्टर श्री सिंह ने यह भी कहा कि जिन प्रकरणों का समय-सीमा में समाधान नहीं होगा, वहां संबंधित अधिकारी या कर्मचारी की जवाबदेही तय की जाएगी।

## जुलूस में बड़ी संख्या में शामिल हुए श्रद्धालु, जगह-जगह हुआ भंडारा

# श्रीराम जन्मोत्सव का निकला जुलूस, मुस्लिम समाज के लोगों ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिंगोड़ी

सिंगोड़ी नगर में श्रीराम जन्मोत्सव समिति द्वारा श्रीराम जन्मोत्सव के अवसर पर भव्य चल समारोह आयोजित किया गया। समारोह में डीजे ढोल बाजे रंगीन आतिशबाजी के साथ युवक श्रीराम के जय कारे लगाते हुए एवं नृत्य करते देखे गए वही रथ में भगवान राम की प्रतिमा और भगवान हनुमान की झांकी वा पालकी के पीछे हजारों की संख्या में श्रद्धालु भव्य जुलूस में चल रहे थे।

रविवार रात्रि करीब नौ बजे भगवान श्री राम की भव्य शोभायात्रा एवं चल समारोह दुर्गा मंदिर प्रांगण से प्रारम्भ हुआ जो गोली मोहल्ला, कबीर चौंक, जैन मंदिर, श्रीराम



मंदिर, बाजार चौंक, होते हुए बस स्टैंड रात साढ़े दस बजे, पहुंचा। वही मेन रोड़ मरही माता मंदिर होते हुए पुनः दुर्गा मंदिर पहुंचा जहां भगवान श्री राम की महाआरती के साथ समारोह का समापन्य हुआ। तथा रात्रि में अन्य धार्मिक कार्य संचालित हुए। सिंगोड़ी में चल समारोह के दौरान विभिन्न स्थानों पर स्वल्पाहार व स्वादिष्ट व्यंजनों से शोभायात्रा में सामिल भक्त जनों का स्वागत किया गया। बस स्टैंड पर हनुमत सोनी, भुवन प्रजापति, सतीश जथूरिया मोहित साहू अंशुल नयन सोनी वैभव मलिक तथा सैकड़ों लोगो के द्वारा स्वादिष्ट चने मिष्ठान पोहा चाय काफी पानी का वितरण किया।

इस दौरान मुस्लिम समाज के द्वारा फल सरबत पानी जुलूस में सामिल लोगो को वितरित कर जन्म उत्सव की बधाई दी। श्रीराम जन्मोत्सव समिति सिंगोड़ी के अध्यक्ष योगेश यादव एवं उपाध्यक्ष - राजेंद्र कंच, अशोक सतीजा, पवन राव सोनी,सोनू सरसवार, कपिल ठाकुर,परसादी पटेल, पुष्पकुमार जैन,दीपक साहू, धीरज मालवीय,सचिव , रामकिशोर साहू,मोहित साहू , ऋषि कांत ठाकुर कोषाध्यक्ष कैलाश साहू,सह सचिव दिमाग पटेल, बंटी साहू, लोकेश विश्वकर्मा एवं समिति के सदस्य गण बंटी पांडे, केशव पटवा, संजय सोनी, बद्री पटेल, दर्शन पटवा,वैभव मलिक, नयन सोनी, सौरभ पटवा,पार्थ साहू, राजू पटेल, राजू साहू, पिंकु साहू , केतन पटेल , वैभव प्रजापति, हनी तिवारी, प्रभात यादव,नरेंद्र ठाकुर,जन्म उत्सव को सफल बनाने में ग्रामवासियों क्षेत्रवासियों जनप्रतिनिधियों प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारियों पत्रकारों एवं समिति सदस्यों कार्यकर्ताओं का आत्मीय आभार जताया।

## टोल पास जारी करने कलेक्टर से की मांग

**परासिया :** शहर कांग्रेस अध्यक्ष वीर बहादुर सिंह ने गांगीवाड़ा के समीप स्थित टोल से पास जारी करवाने कलेक्टर से मांग रखी है । उन्होंने कलेक्टर को ज्ञापन के जरिए अवगत कराया कि गांगीवाड़ा टोल जो की वर्षों से चल रहा है , लेकिन निजी वाहनों को टोल पास नहीं दिया जा रहा है । 1अप्रैल 2025 से वाहनों से टोल टैक्स बढ़ गया है । निजी वाहनों से एकतरफ के 40 रुपए लिए जा रहे हैं । जिससे वाहन मालिकों पर आर्थिक और मानसिक बोझ बढ़ गया है । एम पी आर डी सी के नियमनुसार 20 किलोमीटर के दायरे में रहने वाले क्षैत्रिय निजी छोटे वाहन मालिकों चालकों को राहत देकर न्यूनतम रेट पर पास उपलब्ध कराना है , लेकिन एसा नहीं हो रहा है , जबकि सड़क विभाग और टोल कंपनी के एग्रीमेंट के अनुसार टोल के आस पास 20 किलोमीटर दायरे में आने वाले वाहन मालिकों से सुविधा दी जानी चाहिए , मगर ऐसा नहीं हो रहा है । शहर कांग्रेस अध्यक्ष वीर बहादुर सिंह ने कलेक्टर को ज्ञापन भेजकर इस ओर निर्देशित करके इसका लाभ छोटे वाहन मालिकों को दिलाने की मांग रखी है ।

### शोभायात्रा का हुआ जगह-जगह स्वागत एवं सत्कार

# गांधी चौक में हुआ रामनवमी के पुरस्कारों का वितरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

श्री राम जन्मोत्सव समिति की ओर से आयोजित श्री रामनवमी के अवसर पर कबीर बुनकर वार्ड से भगवान श्रीराम की पालकी के साथ भव्य शोभायात्रा निकालकर नगर भ्रमण किया गया, शोभायात्रा शुभारंभ मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के प्रतिमा पूजन के साथ बुनकर सोसायटी परिसर में श्रीमती रेखा ताई कंटक के हस्ते किया गया,नगर में निकली शोभायात्रा में हजारों की तादाद में लोगों ने उपस्थित होकर भगवान श्रीराम का जयघोष किया,शोभायात्रा में इस वर्ष 6 चलित एवं 7 स्थाई झाकियों का प्रदर्षन किया।शोभायात्रा की झाकियों पर रामभक्तों द्वारा पुष्प वर्षाव किया गया,आकर्षक झाकियॉ, वारकरी सम्प्रदाय की दिडीयो के अलावा वर्धा ढोल एवं संगीतमय डीजे की पर युवा देर रात तक जमकर थिरकते रहे,आयोजन के दोरान सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक व्यापारिक संगठनों द्वारा जगह-जगह आइसक्रीम पेयजल, मिष्ठान्न, छाछ, पुलाव आदि का वितरण किया।नगर के गांधी चौक में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्थाई एवं चली जातियों को पुरस्कृत किया, पुरस्कार वितरण कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में भागवताचार्य मौनानंदाचार्य महाराज समिति संरक्षक संजय राठी,इंदरचंद डागा, श्री राम जन्मोत्सव समिति सौसर अध्यक्ष अजय अढाऊ थे,पुरस्कार वितरण में स्थाई झांकी धरती पर गंगा का अवरतण को प्रथम, कृष्ण लीला, पूतना वध को द्वितीय एवं अर्धनारिष्वर मंदिर मोहगावं को तृतीय पुरस्कार दिया गया। चलित झाकीयों में शिवम इंवेट को प्रथम, छावा फिल्म के अंष का सजीव चित्रण को द्वितीय एवं मर्यादा पुररूषोत्तम भगवान श्रीराम के केवट प्रसंग को तृतीय

### श्रीरामनवमी पर जामसांवली मंदिर में हुए भव्य आयोजन

**सौंसर।** श्री चमत्कारिक हनुमान मंदिर जाम सावली हनुमान लोक में 6 अप्रैल से लेकर 12 अप्रैल तक हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसका शुभारंभ रामनवमी के अवसर पर किया गया,संस्थान परिसर में श्री रामलला के जन्म उत्सव को वैदिक मंत्रोच्चार और पारंपरिक पूजा अर्चना के साथ किया गया। इस अवसर पर श्री उपासनी गोदावरी कन्या



स्वाध्याय केंद्र सौंसर से पधारी कन्याओं ने धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए, रामनवमी पर मंदिर श्रद्धालुओं की सुविधा और संस्थान के विकास कार्यों को गति देने के उद्देश्य से दो महत्वपूर्ण केंद्रों का शुभारंभ किया गया। मंदिर गर्भ गृह निर्माण सहयोग दान केंद्र का उद्घाटन किया गया, जिसका उद्देश्य मंदिर के गर्भ गृह के निर्माण कार्य के लिए श्रद्धालुओं से स्वैच्छिक दान प्राप्त करना है। इसके साथ ही, आरती भोग लड्डू प्रसाद वितरण केंद्र का शुभारंभ संस्थान के वरिष्ठ न्यासी एड एम एन खंडाईत के करकमलों से संपन्न हुआ। इसके अतिरिक्त, संस्थान परिसर में अस्थायी पुलिस सहायता केंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का भी शुभारंभ किया गया। सौसर एसडीएम प्रशासक न्यास सिद्धार्थ पटेल, न्यास अध्यक्ष गोपाल शर्मा , संरक्षक शदादाराव बोबडे डीएसपी पुलिस डी एस वी नागर,उपाध्यक्ष संतोष डवरे, सचिव टीकाराम कारोकार आदि मौजूद थे।

## श्री राम जन्मोत्सव पर शोभायात्रा निकली, झांकी का किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ

श्री राम जन्मोत्सव का पावन पर्व बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान प्रभु श्री राम जन्मोत्सव के अवसर पर कोयलांचल क्षेत्र दमुआ नगर शहर को भगवा रंग झंडा तोरण गेट डेकोरेशन सीरीज लाइटिंग बैनर आदि डेकोरेट कर सजाया गया और पूरा दमुआ क्षेत्र भगवा रंग में डूब गया श्री राम जी एवं हनुमान जी के भक्त श्रद्धालु जन का उत्साह के साथ श्री रामनवमी की धूम मची रही 6 अप्रैल को श्री राम जन्मोत्सव पर भगवान श्री राम जी एवं हनुमान जी, लक्ष्मण जी, भारत जी, सुग्रीव जी, माता सीता जी की आकर्षक झांकियां विशाल शोभायात्रा भी निकाली गई श्री राम जन्मोत्सव पर विशाल शोभायात्रा झांकी माइंनस ,दमुआ, नंदन और गांव ग्रामीण क्षेत्र से भी मनमोहक झांकियां का चित्रण किया गया विशाल शोभा यात्रा दमुआ, नंदन, खेल मैदान ग्राउंड से निकाली गई जो की शोभा यात्रा झांकी संपूर्ण एरिया क्षेत्र का भ्रमण करते हुए नंदन में मार्केट होते हुए कालीछापर दमुआ नंबर 8 तिरंगा चौक दमुआ प्रीति पुल मार्ग से बेरियर क्षेत्र होते हुए भोले की मडिया मंदिर होते हुए इंदिरा चौक बस स्टॉप मार्केट चिल्ड्रन पार्क में पहुंचीलोग जगह जगह पर खड़े होकर झाकी का स्वागत कर रहे थे जिसमें श्री कृष्ण दूध डेयरी बेरियर दमुआ का माननीय विधायक सुनील यूके एवं आशीष ठाकुर द्वारा सम्मान चिन्ह देकर सम्मान किया गया।

## टीम संभागीय स्तरीय टी-20 क्रिकेट सीरीज के लिए देवास रवाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी जिले के टॉप 13 क्रिकेट खिलाड़ी को प्रो प्लेस क्रिकेट अकादमी देवास द्वारा आयोजित 5 मैचों की टी-20 क्रिकेट सीरीज में खेलने का अवसर प्रदान किया गया। यह टी-20 क्रिकेट सीरीज अंडर 16 वर्ष बालक वर्ग में 7 से 9 अप्रैल तक सरदाना इंटरनेशनल स्कूल में संचालित की जाएंगी। इस टी-20 क्रिकेट सीरीज का मुख्य उद्देश्य खिलाड़ियों का एक अच्छे स्तर पर खेलना,अनुभव प्राप्त करना है। इस सीरीज प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को महानगरों में आयोजित प्रीमियम लीग खेलने का अवसर दिया जाएगा। सीरीज के लिए जिला का प्रतिनिधित्व करने वाले आई स्पोर्ट्स अकादमी के खिलाड़ी अहान पवार कप्तान,अरहान खान उपकप्तान,लक्ष्य चौधरी,उदित डहरिया,मयूर पंडिया,रुद्र पाल,विराट तिवारी,श्रीसमर्थ रुखमांगद,अयन खान,हिमांशु पवार,शौर्य तिवारी,महर्षि मिश्रा,आवन खान शामिल होंगे। यह सभी खिलाड़ी 6 अप्रैल को कोच योगेश रुखमांगद के मार्गदर्शन में पेंचवेली एक्सप्रेस से देवास के लिए रवाना हुए। इन सभी खिलाड़ियों से नगर पालिका परिषद अपील समिति सदस्य संजय जैन ने भेट कर सुरक्षित,अनुशासित एवं जोश के साथ खेलने और जीत कर वापस लौटने हेतु आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसार पर खिलाड़ियों के माता पिता ने भी अच्छे खेल प्रदर्शन की उम्मीद के साथ विजयभव शुभाशीष के साथ रवान किया।

## मप्र पेंशनर्स समाज का वार्षिक सम्मेलन आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

मध्य प्रदेश पेंशनर्स समाज की तहसील शाखा का वार्षिक सम्मेलन समारोह का आयोजन 8 अप्रैल 2025 दिन मंगलवार को किया जा रहा है। यह आयोजन स्थानीय श्रद्धा मैरिज लॉन, तामिया रोड में प्रातः 11 बजे प्रारंभ होगा। इस कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय विधायक सुनील उईके एवं मुख्य अतिथि के रूप में एसडीएम कामिनी ठाकुर उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएमओ नेहा धुर्वे, एसडीओपी सोनम पाटिल के द्वारा किया जाएगा। इस वार्षिक सम्मेलन समारोह में मध्य प्रदेश पेंशनर्स समाज के जिला अध्यक्ष एस डी ए तिवारी विशेष रूप से उपस्थित होंगे। मध्य प्रदेश पेंशनर्स समाज के तहसील शाखा के अध्यक्ष जे एल अहाके एवं समस्त कार्यकारिणी सदस्यों ने समस्त पेंशनर्स समाज से जुड़े लोगों को इस कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।

## मुस्लिम विवाह सम्मेलन 29 मई को जुन्नारदेव में

**जुन्नारदेव :** शरई इस्तेमाई निकाह कमेटी जुन्नारदेव द्वारा जामा मस्जिद गरीब नवाज में आदर्श मुस्लिम विवाह सम्मेलन को लेकर जनाब जमील अहमद की अगुवाई में बैठक हुई ।जिसमें तय किया गया की 29 मई 2025 को सुबह 10:00 बजे मदरसा हजरत ख्वाजा गरीब नवाज एन प्लस पब्लिक स्कूल वार्ड नंबर 4 तहसील रोड जुन्नारदेव में होगा। इस मौके पर सदर जनाब जफर अली जामा मस्जिद गरीब नवाज अहले सुन्नत वल जमात द्वारा मुस्लिम समाज के लोगों से अपील की गई की शादी योग्य युवक युवतियों जो की बालिग हो चुके हैं ।कमेटी से संपर्क कर पोस्टकार्ड साइज की तीन फोटो व आधार कार्ड की फोटो कॉपी जमा करें ।और अपने मनपसंद रिश्ते कर कमेटी को खिदमत का मौका दें। हाजी रहीम बक्स कुरैशी द्वारा मुस्लिम समाज को आगह किया गया कि आडंबर एवं फिजूल खर्चे से बचने के लिए आदर्श मुस्लिम विवाह सम्मेलन में अपने बच्चों की शादियां करे। अपने नबी के सुन्नतों पर अमल करें हमारे नबी ने फरमाया वहा निकाह बहुत बरकत वाला है जिसमें खर्च कम हो। जामा मस्जिद कमेटी के सदर सैयद गौहर जमाल शाह द्वारा जिले भर की मस्जिद कमेटी और मुस्लिम समाज से अपील की है कि इस मुस्लिम विवाह सम्मेलन को कामयाब बनाने के लिए सब एकजुट होकर काम करें। जो मुख्यमंत्री निकाह योजना का फायदा लेना चाहते हैं वह कमेटी के पास फार्म जमा करें और कमेटी के बायोडाटा से रिश्ता तय कर अपने इलाके के मुख्यमंत्री निकाह योजना में रजिस्टर्ड होकर फायदा ले सकते हैं ।इस मौके पर जफीर अली भाई शहीद अली हैदर कुरेशी रफीक खान सगीर खान अफरोज आलम रहीम खान सुभान भाई मौजूद थे।

## जल गंगा सवर्धन अभियान अंतर्गत कांगला जलाशय मे किया जल संरक्षण हेतु सामूहिक श्रमदान

**दमुआ।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जुन्नारदेव की नवांकुर संस्था दमुआ की ग्राम विकास प्रस्फूटन समिति नान्दना सेक्टर क्रमांक 4 के द्वारा अपने सेक्टर के ग्राम कांगला जलाशय मे किसानो के साथ व प्रस्फूटन समिति के सदस्यो के साथ कांगला जलाशय मे मिलकर साफ सफाई की गयी जिसका पानी पीने योग बन जाये तथा ग्राम के सामाजिक



कार्यकर्ता सुजीत राजभोपा ने जल के विषय मे बताया की अधिकतर गर्मियों के दिनों मे जल की कमी होने लगती है ओर अधिकतर देखा जाता है की कुछ लोग पानी का गलत उपयोग करते है बहने देते है हमे लोगो को बताना है की जल है तो जीवन है जल के बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती यह हमारी धरोहर है ओर हमे इसे बचाये रखना हम सब की जिम्मेदारी है अधिकतर गर्मियों मे पशु पक्षियों को पिने हेतु हमे पेड़ पौधों या घरों की छतो मेहमें के मे हमे बर्तन मे जल रखना चाहिए जिससे की उन्हे भी आसानी से पानी मिल सके हमे ज्यादा से ज्यादा जल बचाने का प्रयास करना चाहिए आदि नवांकुर संस्था के अध्यक्ष रामरतन बेलवंशी के द्वारा ग्राम वासियो के बताया गया की वर्तमान मे जल प्रकति से धीरे धीरे कम होते चला है।

## तीन दिवसीय गरबा महोत्सव पर सजा मातारानी का दरबार

**दमुआ।** चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर मां दुर्गा जी की पूजा आराधना उपासना का विशेष महत्व रहता है जिसमें इस वर्ष दमुआ शहर में त्रिशा लॉन पुराना दमुआ में तीन दिन से गरबा डांडिया महोत्सव का कार्यक्रम भूमि का भास्कर पंकज साहू आयोजित मित्र मंडली दमुआ के तत्वाधान में किया गया है गरबा महोत्सव आयोजन में भारी संख्या में भक्ति श्रद्धालुओं धर्म प्रेमी बंधु एवं मातृशक्ति महिलाएं बालिका बालक युवक पुरुष आदि सभी भक्तगण ने गरबा महोत्सव कार्यक्रम में पहुंचकर माता रानी जी के सजे दरबार में गरबा डांडिया करके अपनी हाजिरी लगाई गरबा महोत्सव के तीसरे दिवस 4 अप्रैल को सभी भक्त गणों ने माता जी के दरबार में अधिक संख्या में पहुंचकर सभी ने गरबा डांडिया में थिरकते नाचते हुए अपनी हाजिरी लगाई और भरपूर भाव भक्ति के साथ मां की सेवा आराधना उपासना भाव भक्ति में डूबे रहे और माता के समक्ष भक्त जनों ने पूर्ण लाभ भी अर्जित किया गया।

# महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना कार्यालय में पोषण पखवाड़ा का हुआ शुभारंभ 8 से 22 अप्रैल तक

### कार्यक्रम में पहुंचे जनपद अध्यक्ष व सभापति)

किरनापुर

महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना कार्यालय में पोषण पखवाड़ा का शुभारंभ में मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष राणा कल्याण सिंह एवं महिला बाल विकास विभाग की सभापति श्रीमती वर्षा बढ़ई की उपस्थिति में सर्वप्रथम विद्या की देवी वीणा वादनी माता सरस्वती के छायाचित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।प्रदेश में व्यक्तिगत और सामुदायिक स्तर पर व्यवहार परिवर्तन के माध्यम से कुपोषण को कम करने के लिए पोषण अभियान चलाया जा रहा है। प्रत्येक वर्ष पोषण अभियान के तहत पोषण को जन आंदोलन का स्वरूप देने के उद्देश्य से पोषण पखवाड़ा मनाया जाता है। पोषण पखवाड़ा 8 से 22 अप्रैल तक मनाया जाएगा। केंद्रीय महिला बाल विकास क अबमंत्रालय द्वारा 'जीवन के प्रथम 1000 दिवस' पोषण ट्रैकर में लाभार्थी मॉड्यूल को लोकप्रिय बनाने व्यापक प्रचार-प्रसार, समुदाय आधारित पोषण प्रबंधन मॉड्यूल के माध्यम से कुपोषण का प्रबंध तथा बच्चों में मोटापे को दूर करने के लिए स्वस्थ जीवन शैली को अपने पर बाल जैसे थीम पर केंद्रित विभिन्न गतिविधियों को आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं।

पोषण पखवाड़ा के दौरान आंगनबाड़ी केंद्र सेक्टर, परियोजना एवं जिला स्तर की गतिविधियों में स्थानीय पोषण संसाधनों की को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षण, सामुदायिक जागरूकता और पोषण संवेदनशील कार्यक्रम जैसे आयोजन किए जाएंगे। आंगनबाड़ी केंद्रों में दैनिक गतिविधियों की तिथिवार थीम आधारित कैलेंडर तैयार किया गया है। सभी जिलों में पखवाड़ा के दौरान साइकिल रैली, पोषण रैली, प्रभात फेरी, गर्भवती महिलाओं और धात्री माता एवं किशोरी बालिकाओं के साथ पोषण ट्रैकर में हितग्राही मॉडल पर समूह चर्चा, कुपोषित बच्चों की स्वास्थ्य जांच, एनीमिया जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा। पोषण पखवाड़ा के दौरान लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, आयुष, शिक्षा, पंचायत एवं ग्रामीण, शहरी विकास सहयोग से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

महिला बाल विकास श्रीमती अमृता कुजूर ने सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को पोषण पखवाड़ा के दौरान प्रत्येक स्तर पर इसका प्रचार-प्रसार किया जाए। उन्होंने कहा कि 8 अप्रैल को पोषण पखवाड़ा का शुभारंभ स्थानीय प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया जाये। और कार्यक्रम में उपस्थित सभी जन सामान्य को पोषण शपथ भी दिलाई जाए। श्रीमती अमृता कुजूर ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र सहित प्रत्येक स्तर से प्रतिदिन दिवस आयोजित गतिविधियों के आधार पर अधिकतम पांच गतिविधियों का संक्षिप्त विवरण, फोटोग्राफ एवं हितग्राहयों की बैठक ली जाए। इस कार्यक्रम में उपस्थित श्रीमती पुस्तकला वासनिक, सुनीता कावड़े, धनवंता वरकडे ,सुलोचना रावते , सुपरवाइजर का योगदान सराहनीय रहा।




## बाइक का टायर फटा, महिला की हुई मौत

**कटंगी।** स्टेट हाईवे कटेधरा से खवासा मुख्य सड़क मार्ग पर ग्राम कोयलारी के नजदीक दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई है. बाइक का टायर फटने से खवासा निवासी मुस्लिम महिला रेहाना पति रफीक खान की सड़क पर गिरने से दर्दनाक मौत हो गई. यह हादसा सोमवार की सुबह करीब साढ़े 08 बजे के आस-पास हुआ है. सरकारी अस्पताल कटंगी के शव विच्छेदन गृह में दोपहर 02 बजे मृत महिला के शव का पीएम कर शव परिजनों के सुर्पुद कर दिया गया है. रेहाना खान अपने बेटे जावेद के साथ बालाघाट से खवासा जा रही थी. कोयलारी के पास अचानक से बाइक का टायर फट गया. जिससे बाइक अनियंत्रित हो गई. जिससे रेहाना खान सड़क पर सिर के बल गिर पड़ी जिससे उनकी मौत हो गई. हादसे की खबर मिलते ही राहगीर मौके पर एकत्रित हो गए. महिला को तुरंत एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया. जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. इस घटना से पूरे परिवार में शोक की लहर है.

## पार्टी और समाज में सेवा भाव से समर्पित व्यक्तित्व के धनी रहे अजीत जैन



**मण्डला।** संसार में आना-जाना तो लगा रहता है लेकिन कुछ विभूतियां ऐसी होती हैं जो सदैव मन मस्तिष्क में अपना स्थान बना लेती है ऐसे ही परिवार समाज और पार्टी के अंदर अपनी अमिट छाप छोड़ कर इस संसार से असमय हृदयाघात हो जाने से अजीत जैन 'अज्जू भैया' 5 अप्रैल 2025 को निधन हो गया। आज दिनांक 07.04.2025 मण्डला जैन समाज द्वारा आयोजित शोक सभा में समस्त जैन समाज के पुरुष महिला उपस्थित रहे सभी ने भरे मन से पुष्पांजलि अर्पित कर उनके साथ बिताये पल और बातों को अपने-अपने विचार व्यक्त किये। शोक सभा स्थल पर मण्डला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, श्रीमती संपतिया उइके कैबिनेट मंत्री म.प्र. शासन, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, पारस असरानी, शशि पटेल, अनीता तिवारी, शिवा रानू राजपूत, मालती मरावी, मंजू कछवाहा दिनेश चौधरी, आनंद जैन, विकास यादव, वेद प्रकाश दुबे एवं अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं ने उपस्थित होकर पुष्पांजलि अर्पित की। श्रीमती संपतिया उइके ने अजीत जैन के परिजनों को सांत्वना देते हुए कहा कि उनके निधन से परिवार एवं समाज की ही नहीं अपितु जिला भाजपा पार्टी में अपना एक होनहार कार्यकर्ता भी खोया है वह हर समय पूर्ण निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते थे। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने कहा कि अजीत जैन भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं में एक रहे हैं। पार्टी के हर कार्यक्रमों में उनकी उपस्थिति सराहनीय रही है। हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं उनके परिवार को यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

## किरनापुर के एसडीएम ने माटे, उत्कृष्ट शंकुल के स्व.सहायता समूह/ अध्यक्ष,सचिव, रसोईया की ली बैठक

**किरनापुरः-** शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय किरनापुर में एसडीएम ने उत्कृष्ट व माटे शंकुल के सहायता समूह / अध्यक्ष /सचिव /रसोईया एवं शाला प्रभारी की संयुक्त बैठक ली ।जिसमें अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कार्तिकेय जायसवाल द्वारा मध्यान भोजन के सफल संचालन हेतु दिशा निर्देश एवं सुझाव दिए गए उक्त बैठक में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष भुवन भाऊ रहांगडाले, रेखा लाल बिसेन जनपद सदस्य विकासखंड शिक्षा अधिकारी जी एस टेकाम ,बीआरसी सी एल टेकाम, बीएसी महाजन बिसेन ,तथा जन शिक्षक उपस्थित रहे एसडीएम ने हरिपतवार सब्जियों पर बल दिया । मेन्यू का पालन व साफ सफाई तथा भोजन की गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए। सैंपल टिफिन वाला व मां की बगिया में सब्जियों का उत्पादन कर छात्रों को वितरित करने पर बोल दिया गया शाला प्रभारी द्वारा प्रतिदिन एसएमएस करना, भोजन की गुणवत्ता का ध्यान रखना तथा रिकार्ड संधारित करने की जिम्मेदारी दी गई किसी भी प्रकार की कमी व समस्या होने पर तत्काल सूचना बीआरसी के माध्यम से अनुविभागीय अधिकारी को दी जाए ताकि समस्या अवधि में निराकरण किया जा सके।

# 1 वर्ष से लापता कोसुंबा का युवक

## माता-पिता ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का खटखटाया दरवाजा

कटंगी।



एकलौते बेटे की याद आती है तो रोना आ जाता है उसके बराबर के लड़कों को देखकर अपने आंसु पोछ लेती है. मेरे बेटे की हत्या कर दी गई है मुझे सामने वाले पर शक है जो मेरे बेटे को तेंदूपत्ता भराई का काम करवाने के लिए अपने साथ लेकर गया था. माता-पिता के दुख-दर्द और ममता की यह सच्ची कहानी बालाघाट जिले की तिरोड़ी तहसील के ग्राम कोसुंबा की है. जहां एक वृद्ध माता-पिता का 32 वर्षीय पुत्र जितेन्द्र जायनाकार करीब 01 वर्ष से लापता है. माता-पिता अपने बेटे की तलाश में हर उस सरकारी कार्यालय और पुलिस थाने के चक्कर लगा चुके है जो बेटे की तलाश में मदद कर सकते है लेकिन वृद्धजनों को केवल तलाश का आश्वासन हीं मिला है.

### यह है पूरा मामला

वृद्ध माता-पिता ने जानकारी देते हुए बताया कि 22 अप्रैल 2024 को उनका 32 वर्षीय पुत्र जितेंद्र जायनाकर अपने 05 साथियों के साथ पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के केरलापार तेंदुपत्ता भराई का काम करने के लिए गया हुआ था. जो 24 अप्रैल को वहां से लापता हो गया है और उसका आज तक पता नहीं चल पाया है. युवक की माता शांता बाई और पिता हेमराज जायनाकार ने बताया कि बेटे की तलाश में हर जगह शिकायत की और पुलिस में बेटे के गुम होने की शिकायत भी दर्ज करवाई लेकिन पुलिस से संतोषजनक सहयोग नहीं मिल पाया जिस कारण बीते दिनों राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का दरवाजा खटखटाया पड़ा. वृद्ध परिजनों की माने तो बेटे के गुम होने की सूचना उन्हें 9 दिन बाद 02 मई को तब मिली. जब पड़ोस में रहने वाला शख्स भाउलाल परिहार तबीयत बिगड़ने पर अपने घर लौटकर आया. उसने बताया कि 24 अप्रैल से जितेन्द्र लापता है. तब वृद्ध माता-पिता महकेपार पुलिस चौकी में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराने पहुंचे लेकिन घटनास्थल केरलापार होने के कारण पुलिस ने गुम इंसान दर्ज नहीं किया तब वृद्ध माता-पिता अपने बेटे की गुमशुदगी की शिकायत करने के लिए केरलापार पहुंचे परंतु वहां भी पुलिस ने मुसाफिरी दर्ज नहीं होने के कारण रिपोर्ट लिखने से इंकार कर दिया परंतु जब माता-पिता लगातार चक्कर काटने लगे तो घटना दिनांक से करीब 03 माह बाद 06 जुलाई को गुम इंसान दर्ज किया गया. पुलिस ने कागजों में भले ही जितेन्द्र के लापता होने की शिकायत दर्ज कर ली है लेकिन उसकी जमीनी स्तर पर उसकी तलाश नहीं की जा रही है जिससे वृद्ध माता-पिता काफी हताश और परेशान है.

### आसमा ट्रेडर्स कंपनी में कार्य करने गया था युवक

जानकारी के मुताबिक जितेन्द्र अपने साथियों साथ आसमा ट्रेडर्स कंपनी के पास तेंदूपत्ता की भराई का काम करने के लिए गया हुआ था. जितेन्द्र के गुम होने के बाद कपंनी के मैनेजर युवराज मेश्राम ने अपने हाथ खड़े कर दिए है उनका साफ कहना है वह जितेद्र को पहचानते नहीं है. उन्होंने बताया कि जिस वक्त की यह घटना है उस वक्त वह महाराष्ट्र के गोंदिया जिले के गोरेगांव में थे. उन्होंने कहा कि कौन लोग काम पर आए थे. इसकी जानकारी भी उन्हें नहीं थी. जितेंद्र के पिता हेमराज ने मानव अधिकार आयोग में शिकायत कर हत्या की आशंका जाहिर की है. उनका कहना है कि उन्हें पुलिस का भी सहयोग नहीं मिल रहा है. कम से कम हमें हमारा बेटा मरा है या जिंदा है ये ही बता देते. जितेंद्र उनका इकलौता बेटा है. ऐसे में हेमराज और उनकी पत्नी शांता बाई अपने बेटे की राह आज भी देख रहे है.

## खबर संक्षेप

### सर्पदंश से महिला की मौत

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले के बरघाट थाना क्षेत्र के ग्राम कौडिय़ा में घर के रसोई में भोजन बना रही महिला को सर्प ने डस लिया, जिससे महिला की मौत हो गई। मिली जानकारी अनुसार बरघाट थाना के ग्राम कौडिय़ा निवासी श्रीमती सुरेखा पति ध्यानसिंह मर्सकोले 38 वर्ष रविवार की सुबह अपने घर के रसोई में भोजन बना रही थी, तभी उसे रसोई में घुस आये जहरीले सर्प ने काट लिया, जिससे वह मूर्छित हो गई। घटना के बाद महिला को बरघाट स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया, जहां से उसकी गंभीर स्थिति के चलते उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया, जहां पर उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मृतिका के शव का पंचनामा बना पोस्ट मार्डम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है।

### फांसी के फंदे में झूली विवाहिता

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** नगर मुख्यालय के शास्त्री वार्ड निवासी एक 35 वर्षीय विवाहिता के द्वारा अज्ञाात कारणों के चलते फांसी के फंदे में झूलकर आपना जीवन समाप्त कर लिया गया। मिली जानकारी अनुसार सिवनी नगर के शास्त्री वार्ड निवासी श्रीमती शोभा पति ललित शर्मा 35 वर्ष अपनी मां के साथ निवास करती है, उसकी शादी भोपाल में हुई है, लेकिन वह सिवनी में रहकर प्राईवेट इंजीनियर के रूप में कार्य करती है। रविवार की सुबह वह घर पर अकेली थी और मां घर से बाहर गई थी जब मां वापस सुबह 10 बजे घर में लौटी तो अपनी पुत्री शोभा को फांसी के फंदे में झूलते पायी। घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई, मौके पर पहुंची पुलिस के द्वारा मृतिका के शव का पंचनामा बना पोस्ट मार्डम कराकर परिजनों को सौंप मामले को विवेचना में ले लिया गया है।

### मुख्य नगर पालिका के नए सीएमओ प्रभारी विशाल सिंह मस्कोले होंगे सिवनी

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मध्य प्रदेश शासन के नगरी निकाय एवं आवास विकास द्वारा जारी आदेश पत्र के अनुसार विशाल सिंह मस्कोले को सिवनी नगर पालिका परिषद का प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी नियुक्त किया गया है। आदेश के अनुसार यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से आगामी आदेश तक के लिए की गई है। जारी आदेश के अनुसार राज्य शासन एतद्-द्वारा विशाल सिंह मस्कोले, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर परिषद् चित्रकूट जिला सतना को तत्काल प्रभाव से आगामी आदेश तक अस्थाई रूप से मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद सिवनी जिला सिवनी पदस्थ करता है।

### घर में ध्वजारोहण कर मनाया भाजपा का स्थापना दिवस एवं रामनवमीं पर्व

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सुजीत जैन ने स्वयं के निवास परपूर्व



जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुजीत जैन ने स्वयं के निवास पर भाजपा एवं भगवान श्री राम का ध्वजारोहण कर मनाया भाजपा स्थापना दिवस एवं रामनवमीं पर्व।



# कल मनाया जाएगा विश्व नवकार महामंत्र दिवस

## सभी धर्म, संप्रदाय के लोगों से जुडऩे की अपील

**-09 अप्रैल 2025 को JITO चैप्टर्स के द्वारा विश्व नवकार महामंत्र का आयोजन किया गया है। बताया जाता है कि इस पावन अवसर पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली के विज्ञान भवन में भव्य उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता करेंगे।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

इस ऐतिहासिक आयोजन से ऑनलाइन माध्यम से सम्पूर्ण देश के JITO चैप्टर्स के साथ जुड़कर इस दिव्य अवसर की शोभा बढ़ाएंगे। संगीता मालू ने बताया कि यह केवल एक आध्यात्मिक आयोजन नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिक शक्ति और धर्म की महानता को प्रदर्शित करने का एक अनुपम अवसर है। यह आयोजन केवल जैन समाज तक सीमित नहीं है, बल्कि सकल समाज के हर वर्ग के श्रद्धालु इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर नवकार महामंत्र के दिव्य स्वर को सम्पूर्ण विश्व में गुंजायमान कर सकते है। इस महायज्ञ मे सम्मलित होकर विश्व कल्याण के लिए जुड़कर और चैन बनाते हुए एक दूसरे से जुड़ सकते है। बताया जाता है कि पूरे विश्व के लिए है9 अप्रैल को 8 बजकर 1 मिनिट सुबह से 9 बजकर 36 मिनिट तक मंदिर भवन स्थानक सभी जगह नवकार की धुन बजाने की अपील भी की गई है ताकि पूरे विश्व नवकार मय हो।

# चायनीज फास्ट फूड की दुकानों को खाद्य विभाग का खुल्ला संरक्षण

## अजीनोमोटो का हो रहा अधिक मात्रा में उपयोग, स्वास्थ्य के लिए हानिकारक तत्व

**जिला मुख्यालय सिवनी में चायनीज फूड की दुकानों का खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने आज दिनांक तक निरीक्षण नहीं किया और ना ही किसी तरह की जांच की। इन परिस्थितियों में मनमाने ढंग से चायनीज फास्ट फूड में अजीनोमोटो का उपयोग किया जा रहा है जिससे नव युवा पीढ़ी के स्वास्थ्य पर बुरा असर पडऩे की जानकारियां भी सामने आ रही हैं।**



फाईल फोटो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जानकर बताते हैं कि शहर में चलने वाले चायनीज फास्ट फूड के संचालकों से खाद्य एवं औषधि विभाग के अधिकारियों से अच्छे संपर्क व मधुर रिश्ते हैं। चायनीज फास्ट फूड की दुकानों में तैयार होने वाली खाद्य सामग्री के निर्माण के दौरान मात्रा से अधिक अजीनोमोटो का उपयोग किए जाने से स्वाद में अंतर आता है तथा खाद्य सामग्री की बनने वाली तरी भी बहुत अधिक टाइट होती है जिसके कारण इसका सेवन करने वाले लोग आकर्षित होते हैं। वहीं चायनीज फास्ट फूड निर्माण में उपयोग की जाने वाली सब्जियां कई घंटों पहले असुरक्षित तरीके से खुले में रखी होती है जिससे सडक़ से उडऩे वाली भूल भी इसमें जमती है तथा इन्ही सब्जियों का उपयोग चायनीज खाद्य सामग्री बनाने में किया जाता है जो कि स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। प्राप्त जानकारी के अनुसार खाद्य एवं औषधि विभाग ने अमानक स्तर पर तैयार हो रही खाद्य सामग्री का चायनीज फास्ट फूड कार्नरों से आज तक सेंपल नहीं उठाए और ना ही कभी असुरक्षित अवस्था में रखी सामग्रियों को लेकर नोटिस जारी किए। जिला मुख्यालय सिवनी में चल रहे चायनीज फास्ट फूड कार्नरों के संचालकों को खाद्य सुरक्षा अधिकारियों का खुला संरक्षण है जिसके चलते मनमाने ढंग से ये दुकानें संचालित है। देखा जाए तो विभागीय लापरवाही के कारण आम जनता के स्वास्थ्य के साथ खुलेआम खिलवाड़ हो रहा है ।

# सिवनी पुलिस नवविधान के परिप्रेक्ष्य में विवेचना हेतू प्रशिक्षण कार्यशाला प्रारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी दिशा निर्देशों के पालन में पुलिस अधीक्षक सिवनी सुनील मेहता के कुशल नेतृत्व व अति पुलिस अधीक्षक गुरूदत शर्मा के मार्गदर्शन 03 दिवसीय कार्यशाला प्रारंभ कार्यशाला प्रशिक्षक निरीक्षक श ओमेश्वर ठाकरे व एएसआई देवेंद्र जायसवाल,प्र आर. प्रदीप शवास द्वारा जिले के समस्त थाने व चौकियों से नामित व उपस्थित 40 विवेचकों को कार्यशाला के प्रथम दिवस में नव विधान की रूपरेखा,नवविधान के आलोक में एफआईआर, ई एफआईआर, जीरो एफआईआर, विवेचना के दौरान घटना स्थल की सुरक्षा प्रारंभिक जांच व सावधानी,फोरेंसिक जांच टीम की भूमिका, विवेचक अधिकारी द्वारा तकनीकों के प्रयोग, वीडियोग्राफी,साइबर फोरेंसिक, अरेस्ट एंड कस्टडी, साइंटिफिक एविडेंस कलेक्शन एंड मैनेजमेंट विषय पर विस्तार से जानकारी व पाठ्य सामग सांझा की गई। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में पुलिस अधीक्षक द्वारा कार्यशाला में शामिल विवेचकों को नव विधान के प्रावधानों का बेहतर उपयोग कर साइंटिफिक तरीकों से विवेचना कर आरोपियों को न्यायालय द्वारा दोषसिद्धी तक ले जाएं और व्यवसायिक रूप से दक्ष बनने हेतू प्रोत्साहित किया गया। साथ ही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा कार्यशाला के माध्यम से नव विधान के प्रावधानों के साथ कार्यक्षेत्र में आने वाली चुनौतियों के निराकरण हेतू प्रशिक्षण के महत्व के संबंध मे प्रेरित किया गया।

# अवैध मादक पदार्थ गांजा के हरे भरे पेड उगाने वाले चढे पुलिस के हत्थे

**अवैध मादक पदार्थ गांजा के हरे भरे पेड उगाने वाले आरोपी के विरूद्ध थाना छपारा के व्दारा की गई कार्यवाही पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मेहता द्वारा अवैध शराब, मादक पदार्थ गांजा विक्रय, जुआ एवं सट्टी पट्टी पर सख्ती से कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिवनी के निर्देशन, एसडीओपी महोदय लखनादौन के मार्गदर्शन में छपारा पुलिस टीम व्दारा कार्यवाही करते हुए मुखबिर से प्राप्त सूचना पर दिनांक 06.04.2025 को रेड कार्यवाही करते हुए आरोपी मन्नू निवासी ग्राम सालीवाडा चौकी भीमगढ ग्राम सालीवाडा स्थित अपने मक्के के खेत में कुल 72 नग मादक पदार्थ गांजा के हरे भरे पौधें कुल वजन 4 किलो 120 ग्राम अवैध रूप से लगाए मिलने पर आरोपी पुन्नू उईके के कब्जे से उपरोक्त गांजा के पौधो को जप्त कर आरोपी आरोपी मन्नू पिता पुन्नू उईके उम्र 55 वर्ष निवासी ग्राम सालीवाडा थाना छपारा जिला सिवनी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया। जप्त मसरूका कुल 72 नग मादक पदार्थ गांजा के हरे भरे पौधें कुल वजन 4 किलो 120 ग्राम कीमती करीबन 50,000/- रूपये सराहनीय कार्य - निरीक्षक थाना प्रभारी खेमेन्द्र कुमार जैतवार, उपनिरी सुक्कूलाल उईके, सउनि भुजबल सिंह प्रजापति, प्रआर जयेन्द्र बघेल, आरक्षक रवि बहेटवार, रामनरेश कैथवास, राकेश सोनवाने शामिल रहे।

# श्री रामचंद्र जी की शोभा यात्रा में सम्मिलित हुये विधायक रजनीश सिंह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

रविवार को केवलारी विधायक ठा.रजनीश हरवंश सिंह ने श्री रामचंद्र जी की शोभा यात्रा में सहभागिता किया। केवलारी विधानसभा क्षेत्रंतार्गत छपारा नगर में श्री राम नवमी पर्व के शुभ अवसर आज मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम जी के जन्मोत्सव के विशाल शोभा यात्रा का आयोजन किया गया।शोभा यात्रा के आयोजन में क्षेत्रीय विधायक रजनीश हरवंश सिंह ने साथियों सहित यात्रा के आयोजन में सम्मिलित होकर नगर भ्रमण किया। शोभा यात्रा के आयोजन में विधायक ठा.रजनीश हरवंश सिंह जी ने प्रभु श्री राम जी की मनमोहक झांकियों के दर्शन पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया, व समस्त क्षेत्र वासियों आरोग्य जीवन , सुख, समृद्धि एवं ऐश्वर्य की मंगल कामना किया । शोभा यात्रा के आयोजन में विशाल संख्या में क्षेत्रीय श्रद्धालु जनों की उपस्थिति रही।

# भीषण गर्मी को देखते हुए स्कूल समय में परिवर्तन हो- जितेन्द्र ठाकुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

अप्रैल माह आरम्भ होते ही गर्मी प्रचण्ड रूप धारण करती जा रही है। आए दिन गर्मी और उमस से कई बच्चे लू की चपेट में आकर बेहोश हुए हैं। विद्यालय समय से असंतुष्ट अभिभावक भी बच्चों को विद्यालय भेजने में आनाकानी कर रहे हैं। शासन ने भी इस संबंध में निर्णय लेने के लिए प्रत्येक जिले के जिलाधिकारी को छूट दी है। पड़ोसी जिलों में भी विद्यालय समय परिवर्तन 7:30 से 12:30 बजे तक हो गया है। जिला प्रशासन को अन्य जिलों की भांति ही सिवनी जिले में भी विद्यालय संचालन के समय में परिवर्तन किया जाना चाहिए। यहां भी प्रातः 7:30 से 12:30 तक स्कूल संचालित किए जाएं। जिसमें कक्षा नर्सरी से कक्षा 12वीं तक की कक्षाओं का समय परिवर्तन किया जाए। ताकि नन्हे मुन्ने बच्चों को पठन पाठन में आसानी हो सके। बच्चों के स्वास्थ्य के दृष्टिगत सहानुभूति पूर्वक निर्णय लिया जाना चाहिए।

### सड़क हादसे में एक गंभीर

**सिवनी।** जिले के घंसौर थाना क्षेत्र में बम्होडी गांव के पास रात को एक सड़क हादसा हुआ। दुर्जनपुर निवासी 19 वर्षीय सचिन परते अपनी बाइक से घर जा रहा था। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही कार से उसकी बाइक की टक्कर हो गई। हादसे में सचिन गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने तुरंत घंसौर पुलिस और 108 एम्बुलेंस को सूचना दी। घायल को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। घंसौर थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह झारिया ने बताया कि पुलिस मौके पर पहुंच गई है। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। पुलिस लगातार लोगों से सावधानीपूर्वक वाहन चलाने की अपील कर रही है।

# धूमधाम से मनाया गया मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का जन्मोत्सव

**श्री राम जन्मोत्सव को लेकर पूरे बंडोल में धूम धाम से मनाया गया रामनवमी के पर्व पर भगवान श्री राम की हनुमान मंदिर बाजार चौक में पूजा अर्चना हुई उसके बाद शाम को भव्य शोभा यात्रा निकाली जिसमें हजारों भक्तों ने शामिल होकर श्री राम की शोभायात्रा को भव्य बनाया अलग-अलग क्षेत्र से ग्रामीणों ने शोभायात्रा में शिरकत की और धूमधाम से भगवान श्री राम का जन्मोत्सव मनाया।।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

आयुष चौहान ने बताया कि इस वर्ष भगवान श्री राम का राम दरबार की पूजा अर्चना की गई उसके पश्चात उसे रथ पर सवार किया गया तत्पश्चात शोभायात्रा प्रारंभ की गई
राम की धुन में मगन ग्रामीणों ने झूम झूम कर भगवान राम का जन्म उत्सव मनाया और भगवान श्री राम की जयकार लगाकर भक्तों ने अपनी श्री राम के प्रति श्रद्धा आस्था को प्रकट किया।
xगांव के बुजुर्गों ने पैदल पूरी शोभायात्रा में शोभायात्रा का नेतृत्व किया। फिर उसी क्रम में अंत में भगवान शिव के मंदिर में राम



दरबार के समक्ष भव्य महा आरती का आयोजन किया गया था आरती होने के पश्चात महाप्रसाद वितरण किया गया और कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की गई

### नगर के प्रमुख मार्गो से होकर निकली शोभायात्रा

बाजार चौक हनुमान मंदिर बंडोल से प्रारंभ होकर दुर्गा मंदिर शिव मंदिर होते हुए थाने के सामने शिव मंदिर पहुंची शोभायात्रा महाप्रसाद वितरण कर शोभायात्रा का समापन किया गया
श्री राम दल सेवा उत्सव समिति के द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई थी जिसमें विभिन्न मार्गो से निकलने पर ग्रामीण महिलाओं एवं बच्चों के द्वारा शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा की गई और आरती उतार के स्वागत किया गया ।।

### प्रशासन भी रहा मुस्तैद

शोभायात्रा में किसी भी तरह का विघ्न बाधा ना आए इसको लेकर प्रशासन भी एक्शन मोड में रहा प्रशासन द्वारा व्यवस्था की चकाचौबंद इंतजाम किया गया था जिस मार्ग से शोभायात्रा का मार्ग तय हुआ था उसे मार्ग पर प्रशासन ने यातायात व्यवस्था सुरक्षित करने के लिए जगह-जगह अपने जवान लगा दिए थे ताकि शोभा यात्रा में कोई बाधा उत्पन्न ना हो भारी वाहनों को बसों को दूसरी रोड से डिवाइड कर दिया गया था शोभा यात्रा में शामिल लोगों को जगह-जगह भक्तों के द्वारा शीतल जल एवं छाछ पिलाया गया और साथ में स्वल्पाहार की व्यवस्था भी की गई जिसमें शोभायात्रा के दौरान भक्ति परेशान ना हो यह व्यवस्था श्री राम दल सेवा उत्सव समिति के द्वारा की गई थी

### छोटे बच्चों में भी बहुत उत्साह देखने को मिला

हर बच्चा अपने घर से राम सीता हनुमान की बेस भूसा मेंआए ओर जम कर नारे लगाए। श्रीराम दल सेवा उत्सव समिति ने सफल शोभा यात्रा को ले कर आभार भी प्रकट किया।।

### छपारा में श्री रामनवमी पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गए

सिवनी जिले के छपारा में भगवान पुरुषोत्तम श्री राम जी का जन्मोत्सव मनाया गया, नगर के श्री राम मंदिर में सुबह से ही भक्तों की भीड़ लगी रही,लोग अपने आराध्य श्री राम भगवान की पूजा करने के बाद, बड़ी संख्या में वैनगंगा तट स्थित प्राचीन शिव मंदिर सिद्ध बाबा घाट से झंडे बैनर, डी जे, बैंड पार्टी एवं श्री राम जी की सुन्दर सुंदर झाकियों के साथ।

## जल गंगा संवर्धन अभियान

# बच्चों को बताया गया पानी का महत्व एवं सभी ने ली जल संरक्षण की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

प्रदेश शासन के निर्देशानुसार जिले में कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन-अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में-जलस्त्रोतों तथा नदी, कुंओं, तालाबों, बावड़ियों सहित अन्य जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, साथ ही इस अभियान जनसमुदाय को जोडने के लिए जागरूकता रैली और दीवार लेखन जैसी गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में विकासखंड धनौरा के ग्राम पंचायत बारागौर में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा आयोजित कार्यक्रम में जल की



महत्ता पर प्रकाश डाला गया तथा जल को बचाने के उपायों पर परिचर्चा की गई। कार्यक्रम में कलश यात्रा का आयोजन कर सभी ग्रामीणों से अभियान से जुडने की अपील की गई। अंत में स्कूल प्रांगण में जल संरक्षण की शपथ ली गई।

### औद्योगिक संस्थानों में वाटर हार्वेस्टिंग एवं पौधरोपण के लिए किया जा रहा प्रोत्साहित

प्रदेश शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के मार्गदर्शन में जिले में जारी जल गंगा संवर्धन-अभियान अंतर्गत सभी विभागों द्वारा अपनी सक्रियता निभाते हुए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। जिसमें उद्योग विभाग द्वारा जिले के औद्योगिक संस्थानों में वाटर हार्वेस्टिंग एवं अधिकतम पौध रोपण की कार्यवाही कराने के लिए उद्योगपतियों से संपर्क किया जा रहा है।

### जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत ग्राम पंचायत ऐरमा में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

/ कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के निर्देशन में विकासखंड कुरई के ग्राम पंचायत ऐरमा में जल गंगा संवर्धन अभियान का कार्यक्रम संपन्न हुआ। सर्वप्रथम जल गंगा संवर्धन जनजागरूकता के तहत ग्राम में जलकलश यात्रा ग्राम में भ्रमण कर जल संरक्षण की शपथ सभी के द्वारा ली गई।
कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं आमजनों ने स्थानीय जल संरचना की साफ सफाई की। तथा जनप्रतिनिधियों द्वारा मंचीय कार्यक्रम के माध्यम से सभी को जल संरक्षण एवं अधिक से अधिक पौधरोपण के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में जनपद उपाध्यक्ष हरदीप सिंह भाटिया सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।

# भाजपा का बरघाट, लखनादौन एवं केवलारी में विधानसभा स्तरीय सक्रिय सदस्य सम्मेलन 9 को

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** आगामी 09 अप्रैल बुधवार को भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार विधानसभा स्तर पर निर्धारित विषयों पर आधारित सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन आयोजित किया जाना है । इसी क्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन के निर्देशानुसार बरघाट, लखनादौन एवं केवलारी विधानसभा का सम्मेलन 09 अप्रैल को आयोजित किया गया है । भाजपा मीडिया विभाग के माध्यम से जारी प्रेस विज्ञप्ति में जानकारी देते हुये बताया कि भाजपा अपने संगठन के कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा, उपलब्धियों, संगठन की विकास यात्रा, राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर पर पार्टी की भूमिका आदि विषयों पर उन्हें प्रशिक्षित करने का समय समय पर आयोजन करती है । उसी कार्ययोजना के तहत प्रदेश भाजपा के निर्देशानुसार आगामी विधानसभा स्तर पर पार्टी सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है । आयोजित होने वाला सक्रिय सदस्य सम्मेलन बरघाट विधानसभा में दोपहर 2:00 बजे से आदर्श लॉन में केवलारी विधानसभा का सम्मेलन दोपहर 12 बजे से विधि लॉन में एवं लखनादौन का सम्मेलन प्रातः11बजे से मंगल भवन में आयोजित होगा । सम्मेलन निर्धारित तीन विषयों पर केन्द्रित होंगे । पहला विषय भाजपा की चुनावी सफलता एवं संगठनात्मक विस्तार पर केवलारी में पूर्व विधायक नरेश दिवाकर बरघाट में पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं पूर्व सांसद डां. ढालसिंह बिसेन तथा लखनादौन विधानसभा में पूर्व जिलाध्यक्ष आलोक दुबे कार्यकत्र्ताओं को संबोधित करेंगे । इसी प्रकार सम्मेलन के दूसरे विषय भारतीय राजनीति में भाजपा द्वारा लाया गया परिवर्तन विषय पर केवलारी विधानसभा में भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन, बरघाट विधानसभा में पूर्व जिलाध्यक्ष सुजीत जैन, एवं लखनादौन विधानसभा में पूर्व विधायक श्रीमती शशि ठाकुर कार्यकत्र्ताओं को मार्गदर्शन प्रदान करेंगी । सम्मेलन के तीसरे विषय प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी के साथ लगभग 11 वर्षो में विकसित भारत की ओर यात्रा विषय पर केवलारी एवं लखनादौन विधानसभा में मंडला - सिवनी सांसद फग्गनसिंह कुलस्ते एवं बरघाट विधानसभा में बरघाट विधायक कमल मर्सकोले कार्यकत्र्ताओं को संबोधन प्रदान करेंगे ।

## 19 किलो जीआई तार, 2 बड़े पत्थर, खूंटी और अन्य सामग्री बरामद

# तेंदुए का शिकार करने वाले 7 आरोपी गिरफ्तार

**कटंगी।** वन्य प्राणी जंगली सुअर के शिकार के लिए जंगल के किनारे बिछाए गए बिजली के करंट की चपेट में आने से मृत वन्य प्राणी मादा तेंदुए की मौत के मामले में वन विभाग ने 07 आरोपियों को गिरफ्तार किया है. जिन्हें सोमवार की दोपहर ढ़ाई बजे व्यवहार न्यायालय कटंगी के समक्ष पेश किया गया. सभी आरोपियों को माननीय न्यायालय ने जेल भेज दिया है. घटना प्रकाश में आने के करीब 48 घंटों बाद ही वन विभाग ने 07 आरोपियों को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता अर्जित की है. पूरा मामला बालाघाट जिले के वन परिक्षेत्र कटंगी के महकेपार सर्किल के ग्राम बड़पानी का है. जहां पर 03 अप्रैल की शाम करीब 05 बजे के आस-पास एक चरवाहे ने नीलकंठ मलेवार के खेत में बनी कुंए में तेंदुए के शव को देखा था. प्रथम दृष्टया पूरा मामला शिकार से जुड़ा हुआ प्रतीत हो रहा था और इसी संदेह के आधार पर वन विभाग की टीम जांच कर रही थी. वन विभाग ने बड़पानी के करीब दर्जन भर संदेहियों से पूछताछ की जिसमें 07 आरोपियों ने जुर्म करना कबूल कर लिया.

**यह है आरोपी-** वन परिक्षेत्र अधिकारी बाबूलाल चढ़ार ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी बुलाराम पिता डूलीचंद पुष्पतोड़े उम्र 34 वर्ष, चेतन पिता नामदेव सोनवाने उम्र 40 वर्ष, सुनील पिता सुदाम राउत उम्र 35 वर्ष, उदेश्याम पिता दशरथ सोनवाने उम्र 45 वर्ष, विनोद पिता शोभाराम सोनवाने उम्र 42 वर्ष, मुनेश्वर पिता श्रीराम मात्रे उम्र 54 वर्ष, सुभाष पिता गणेश मात्रे उम्र 40 वर्ष सभी निवासी बड़पानी ने मिलकर वन्य प्राणी तेंदुए का शिकार किया और फिर तेंदुए के शव को छिपाने के मकसद से उसे दो पत्थरों से बांधकर कुएं में फेंक दिया था. आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर



वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की संशोधन 2022 की धारा 2, 9, 39, 50 और 51 की कार्रवाई की है. वन विभाग ने आरोपियों के पास से 02 बड़े पत्थर, जीआई तार, बांस की खुंटी और अन्य सामग्री जब्त की है.

**भटक रहा शावक-** गौरतलब हो कि वन्य प्राणी मादा तेंदुए की मौत के बाद एक शावक जिसकी उम्र करीब 01 वर्ष आंकी जा रही है उसे ग्रामीणों के द्वारा घटना स्थल यानी कुएं के आस-पास भटकते हुए देखा जा रहा है. वन विभाग ने भी कुएं के आस-पास पगमार्ग देखे जाने की पुष्टि की है. वन परिक्षेत्र अधिकारी ने बताया कि शावक की लगातार निगरानी की जा रही है. अगर, शावक शिकार करने में सक्षम नहीं होगा तो रेस्क्यू किया जाएगा.

**24 मार्च को किया था शिकार-** आरोपियों ने 24 मार्च की शाम वन्य प्राणी तेंदुए की मौत के बाद उसे घटना स्थल से करीब 01 किमी. दूर नीलकंठ मालेवार के खेत में बनी कुएं में लाकर फेंका था. आरोपियों ने बकायदा तेंदुए के पैर में करीब 19 किमी वजनी पत्थर बांधकर शव को कुएं में फेंका था. मगर, 10 दिन बाद शव कुएं से बाहर निकल आया. जिसे गांव के चरवाहे ने देखा और वन विभाग को सूचना दी थी. घटना की गंभीरता को देखते हुए वन मंडल अधिकारी अधर गुप्ता के निर्देश और उपवन मंडल अधिकारी बी.आर. सिरसाम के मार्गदर्शन पर एक टीम का गठन किया गया. जिसमें वन परिक्षेत्र अधिकारी बी.एल.चढ़ार, महकेपार वन परिक्षेत्र सहायक टी.सी.देशराज, तिरोड़ी वन परिक्षेत्र सहायक ओ.पी. जगने, कन्हड़गांव परिक्षेत्र सहायक डिगेन्द्र सिंह सिसोदिया, उपवन क्षेत्रपाल सीतापठोर वाय.के. गेड़ाम, कटंगी वन परिक्षेत्र सहायक के.एल.उइके, वनपाल गुलाब सिंह उइके, सतीश उइके, वन रक्षक अमोल गौतम, दीपक माली, शिवम बघेल, शिव नारायण सिंह, दिलीप परिहार, बादल जामुनकर, सोहेल खान, श्रीराम घरते, निकलेश मुकासे और अन्य वन कर्मचारी शामिल थे. इन सभी ने मिलकर आरोपियों का पता लगाया और 48 घंटों के भीतर आरोपियों को पकड़ने में सफलता अर्जित की.

## खबर संक्षेप

### शोभा यात्रा निकालकर जोत जवारा का विसर्जन, जस गीत और माता सेवा से गूंजा ग्राम थानेगांव

**लाँजी।** दुर्गा महायज्ञ में प्रज्वलित ज्योति कलशों का विसर्जन, नवरात्रि के अंत में, दशमी तिथि पर, एक पवित्र और महत्वपूर्ण परंपरा है, जो माता के अपने दिव्य लोक में वापस जाने का प्रतीक है।शीतला मंदिर थानेगांव में चैत्र नवरात्रि के अवसर पर ज्योति कलश प्रज्वलन किया गया था। 9 दिनों तक मंदिर में जस गीत-पूजा पाठ सहित विविध धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। महाष्टमी पर हवन पूजन का आयोजन किया गया। इसके बाद नवमी पर ज्योति कलश का विसर्जन यात्रा निकालकर किया गया। ग्राम थानेगाव शितला मंदिर में दुर्गा महायज्ञ आयोजन किया गया तथा चैत नवरात्रि की नवमी तिथि के दिन ज्वारा जोत विसर्जन कर प्रभु श्री राम का जन्मोत्सव समस्त ग्राम वासियों ने बड़े ही हर्षोंउल्लास के साथ मनाया और इस भक्तिमय कार्यक्रम में सभी ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।माँ शितला मंदिर समिति थानेगांव के सयोंजक सुनील एड़े ने बताया कि हमारे ग्राम में प्रति वर्ष नवरात्रि पर्व हर्षोंउल्लास के साथ मनाया जाता है और समस्त ग्राम वाशियों का भरपूर सहयोग प्राप्त होता हैं। इस पूरे कार्यक्रम में माँ शितला मंदिर समिति सदस्य टिलेश सोनवाने, दुर्गेश एड़े, गोवर्धन एड़े,प्रेमेश्वर पटले,पकंज जामुरे,धनराज गुर्दे, नयन चौधरी योगराज बघेले,तोषराम एड़े,योगेश एड़े, संतोष पटले,सुनील एड़े सयोंजक,अनिल नारनौर,कुशलराव जी घोगंड़े, इंकेश सोमनकर,व्याश पटले,दिनेश हरिनखेड़े, सुनील कोठारे,दीप्रकाश एडे अध्यक्ष,अनील एडे कोषाध्यक्ष ,सुरजलाल सातपुते, कोमल सोनवाने उपाध्यक्ष,संगीत घोंगड़े लांजी, दिलेश नारनौर,राकेश घोंघड़े उपाध्यक्ष,पन्नालाल पटले,भोजराज नारनौरे,सगीत घोगंडे,रामेश्वर सोमनकर,अजय घोगंडे एवं अन्य समिति के सदस्यों का रहा सराहनीय योगदान.।

### वृद्धाश्रम में विधिक साक्षरता एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन

**बालाघाट** मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष व जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री प्राणेष कुमार प्राण के मार्गदर्शन में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर सहारा वृद्धाश्रम में विधिक साक्षरता एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। विधिक साक्षरता शिविर में वरिष्ठ नागरिकों के लिए विधिक सेवाएं योजना 2016 एवं माता पिता एवं वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण अधिनियम के संबंध में भी जानकारी प्रदान की गई। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट श्री सतीष शर्मा एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री जीतेन्द्र मोहन धुर्वे द्वारा वृद्धजनों से चर्चा कर उनकी समस्या सुनी। साथ ही उपस्थित वृद्धजनों का आयुष विभाग के समन्वय से स्वास्थ्य परीक्षण कर औषधियों का वितरण किया गया। आयुष विभाग के स्टॉफ, वृद्धजन एवं वृद्धाश्रम के कर्मचारीगण आदि उपस्थित रहें।

## विश्व स्वास्थ्य दिवस पर जिले के 8 बच्चों को उपचार के लिए किया जबलपुर रवाना

### 25 दिन के नवजात शिशु की नेत्र संबंधी उपचार के लिए भेजा नागपुर

**बालाघाट।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जिला शीघ्र हस्तक्षेत्र केन्द्र में विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे गंभीर बीमारी के 9 बच्चों को शासकीय खर्च पर सर्जरी के लिए जबलपुर व नागपुर रवाना किया गया। सीएमएचओ डॉ. परेश उपलप ने जानकारी देकर अवगत कराया कि विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय परिसर स्थित जिला शीघ्र हस्तक्षेप केन्द्र (डीईआईसी) में शासकीय खर्च पर उपचार के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। जिसमे गंभीर बीमारियों से ग्रसित 9 बच्चे जांच एवं चिन्हांकन के उपरांत सर्जरी एवं उपचार के लिए जबलपुर एवं नागपुर भेजे गए। इनमें 04 बच्चे हृदय रोग की सर्जरी के लिए चिन्हित किए गए जिन्हें सर्जरी के लिए जबलपुर भेजा गया। साथ ही कटे-फटे होंठ,तालू के सर्जरी के लिए 4 बच्चे चिन्हित कर उपचार के लिए जबलपुर ही रवाना किये गए। वहीं 25 दिन के एक नवजात शिशु को नेत्र संबंधी उपचार के लिए नागपुर रवाना किया गया।

सीएमएचओ डॉ.उपलप ने बताया कि उपचार के लिए भेजे गए बच्चों में सिद्धी कुम्भलकर लांजी मोहझरी, तुलती सिरसाम नैतरा, अनिल कुमार धापेवाडा, काव्यांश घोडेश्वार सोनझरा, शिमोन बर्वेकर मेहदोली, श्रेया पटले नवेगांव,भूविक बुर्डे कांदरीकला, माही पटले जामखारी, गौरी पंद्रे बिरसा शामिल है। सभी का उपचार शासकीय खर्च पर राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत किया जाएगा।



## ग्रीष्मकालीन पेयजल व्यवस्था के दृष्टिगत अनुविभाग स्तर पर आयोजित हुई समीक्षा बैठक

**बालाघाट।** एसडीएम कटंगी श्री मधुवन्तराव धुर्वे की अध्यक्षता में ग्रीष्मकालीन पेयजल व्यवस्था के सुचारू संचालन को ध्यान में रखते हुए सोमवार को जनपद पंचायत कटंगी सभाकक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसडीएम श्री धुर्वे ने पेयजल व्यवस्था की समीक्षा के दौरान पेयजल व्यवस्था के रूप में स्थापित हैण्डपम्पो को सतत चालू रखने, किसी भी प्रकार से बन्द हैण्डपम्पों को त्वरित पाइप सामग्री लगाकर चालू रखने एवं जनप्रतिनिधियो ग्रामीणी एवं पंचायत के प्राप्त शिकायत के निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही संचालित नल जल योजनाओं को सतत चालू रखने, विद्युत विच्छेद से बन्द नल जल योजनाओ को विभागीय अधिकारियो को सूचित करने एवं पेयजल अपव्यय न हो पंचायतों में ग्रामीणों को समझाइस देने के भी निर्देश दिए गए है। इस दौरान एसडीओ पीएचई श्री जितेंद्र कारमेगे द्वारा बताया गया कि हेंडपंप को सतत चिन्नाकित कर निगरानी की जा रही है । विकासखंड स्तर पर सूचना केंद्र की स्थापना की गई है। जिसमें उपखंड कटंगी के कंट्रोल रूम प्रभारी श्री पवन पराड़कर उपयंत्री मो. न. 7987936822 को बनाया गया है। बैठक में जितेन्द्र कुमार कारमेधे एसडीवो लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, श्री विनोद कुमरे सब इंजिनियर, श्री पवन पराडकर उपयंत्री, एव हेडपंप टेक्नीशियन, मैकेनिक, ठेकेदार उपस्थित रहे। इसके साथ ही विकासखंड कटंगी में प्रकोष्ठ प्रभारी के रूप में श्री भवानी सिंह भलावी सहायक ग्रेड 3 मो. न.9340299973, श्री नरेश जमुनपाने हेडपंप टेक्नी.7987374194, श्री उद्दे लाल देवेश्वर, एवं विकासखंड खैरलांजी में प्रकोष्ठ प्रभारी के रूप में श्रीमती मोहिनी पटले विकासखंड समन्वय मो.न. 8839799897,श्री दीपेंद्र राणा हेडपंप टेक्नी.7697815495, श्री घनश्याम भलावी पंप अटेंडेंट 7049083341 की ड्यूटी सुबह 9 बजे से लेकर शाम 6 बजे तक तत्काल प्रभाव से दिनांक 7 अप्रैल 2025 से आगामी आदेश तक लगाई गई है।

### प्रतिमाह प्रति समिति 15 नवीन केसीसी, 5 नवीन एमटी प्रकरण तैयार करें

## वसूली का लक्ष्य पूर्ण करें: जोशी

बालाघाट

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक द्वारा सोमवार को कलेक्टर व बैंक प्रशासक श्री मृणाल मीना के मार्गदर्शन में बैंक सीईओ पुरुषोत्तम जोशी द्वारा जिले के सभी शाखा प्रबंधकों, सुपर वाइजर, संस्था प्रबंधकों,समिति कर्मचारियों की बैठक वीसी के माध्यम से ली गई। इस दौरान श्री जोशी ने बताया कि बैंक मुख्यालय द्वारा 17 शाखाओं को ऋण वसूली के टारगेट दिए गए थे। जिसकी समीक्षा के दौरान निर्देशित किया गया कि माह अप्रैल में लक्ष्य की शत प्रतिशत पूर्ति करे तथा मुख्यालय द्वारा इस संबंध में गुगल शीट को प्रति दिन अपडेट करे। यदि ऋण वसूली के लक्ष्य की पूर्ति नहीं की जाती तो निश्चित तौर पर कार्यवाही की जावेगी। श्री जोशी ने बताया कि यह वर्ष सहकारिता वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। जिसके चलते शीर्ष स्तर से निर्देशित किया गया है कि माह अप्रैल व मई 2025 में प्रति समिति 15 नए सदस्य बनाकर केसीसी जारी किया जाना है। इसी तरह माह अप्रैल व मई 2025 में प्रति समिति 5 मध्यमकालीन ऋण प्रकरण नियमानुसार तैयार कर शाखा के माध्यम से बैंक मुख्यालय प्रेषित किए जाने निर्देशित किया गया।

### माइक्रो एटीएम से करे ऋण वितरण

बैठक के दौरान श्री जोशी ने निर्देशित किया कि माइक्रो एटीएम के माध्यम से समिति स्तर से ऋण वितरण करे। ताकि किसानों को सुगमता से खाद व नगद प्राप्त हो सके। माइक्रो एटीएम को लेकर कोई परेशानी आती है तो मुख्यालय से संपर्क करे। इस अवसर पर राजेश नगपुरे फील्ड अधिकारी, एम.एल. यादव विपणन अधिकारी, रौनक चौकसे, रोशनी बिसेन उपस्थित रहे।

## उड़ान सेवन हेबिट्स स्कूल लांजी का परीक्षा परिणाम घोषित

**लांजी।** लांजी नगर के बालाघाट रोड में संचालितहो रहे उड़ान सेवन हेबिट्स स्कूल का परीक्षा परिणाम 7अप्रैल को सुबह 10 बजे घोषित किया गया । रिजल्ट घोषित करते हुए स्कूल संचालक मोहम्मद रफीक ने वर्तमान समय में कंपटीशन के दौर में एक-एक नंबर के महत्व को बताया की किस तरीके से कंपटीशन एग्जाम में बच्चे एक-एक नंबर के लिए अच्छे पदों में जाने से वंचित रह जाते हैं। उसके बाद सभी कक्षाओं का क्रमानुसार रिजल्ट घोषित किया गया जिसमें कक्षा नर्सरी से माहिरा चौरे 99.3% मोनीष्का 94.3% एकांश कश्यप 93% के जी 1 से नोमित खोबरागड़े 98% ईशा सोनवाने 96% अद्विका96% फातिमा अली 91.3% कक्षा के जी 2 से चिराग मुरकुटे 98.6% गुमान सहारे 98.6% अनाया दहीकर 96.6% गानीश सहारे 94.6% कक्षा पहली से शिवम नारनौरे 99.5% सौम्या 98.5% गुरविक शरणागत 98% कक्षा दूसरी से तनुश मेहरबान 99% सीतांशु फुल्लारे 97.25% रेहांश बीरनवार 91.5% कक्षा तीसरी से सदस्योरमी फुल्लारे 97.75% नसरा शेख 97% मीनल बिसेन 95.5% कक्षा चौथी से छत्रपति नारनौरे 87.7% समविल कादरी 82% रूद्र हट्टेवार 82% सक्षम नारनौरे81% इसी तरह बोर्ड क्लास में कक्षा पांचवी से रिफत 82% मासूम चौरे 82% सिद्रा शेख 78%नित्यांश चौरे 78% कक्षा छठवीं से भानवी बागड़े 96% किशोरी मिश्रा 94% मोहशीम खान 91% कक्षा सातवीं से गीत भौतिक 97.7% विनीता 96.45% तनवी कादरी 95.8% इसी तरह कक्षा आठवीं बोर्ड क्लास में प्रथम स्थान 86% तस्नीम कौसर 86% मोनाल कोठारे 78% देवांशु चेन्ने 75% रहा ।अंत में संचालक महोदय ने सभी बच्चों को उनके परीक्षा परिणाम हेतु बधाई प्रेषित की पालकों को भी बधाई प्रेषित की और शिक्षक शिक्षिकाओ को उनके मेहनत के लिए आभार व्यक्त किया उनके अथक परिश्रम व मेहनत के कारण यह परीक्षा परिणाम प्राप्त हुआ है।

## आंगनवाड़ियों में आयोजित होगी विभिन्न गतिविधियां

**बालाघाट।** केंद्र व राज्य शासन के सहयोग से मिशन सक्षम आंगनवाड़ी नपर पोषण-2.0 का क्रियान्वयन किया जाएगा। इसमें व्यक्तिगत और सामुदायिक स्तर पर व्यवहार परिवर्तन के माध्यम से कुपोषण को कम करने के उद्देश्य से पोषण अभियान 8 अप्रैल से प्रारम्भ होगा। यह अभियान 22 अप्रैल तक संचालित होगा। जिला कार्यक्रम अधिकारी दीपमाला मंगोदिया ने बताया कि भारत सरकार द्वारा वर्ष 2025 में सांतवे पोषण पखवाड़ा की थीम निर्धारित की गई है। उसी अनुरूप जिले में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएगी। इसमें जीवन के प्रथम 1000 दिवस केंद्रित गतिविधियां, पोषण ट्रैकर में लाभार्थी मॉड्यूल को लोकप्रिय बनाना। समुदाय आधारित पोषण प्रबंधन मॉड्यूल के माध्यम से कुपोषण का प्रबंधन और बच्चों में मोटापे को दूर करने के लिए स्वस्थ जीवन शैली को अपनाने पर बल दिया जाएगा।

## धम्म संस्था सर्वोपरि सभी पदाधिकारी एकजुट होकर कार्य गतिमान करे-गौतम पाटील

### धम्म कार्य निष्ठा एवं निरंतर करने से संघठन के पद स्वत: ही मिलते है- डा. चरनदास ढेंगरे

**दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया जिला एवं नगर शाखा जबलपुर का निर्वाचन सम्पन्न**

**डॉ. चरनदास ढेंगरे जी एवं उनके साथियों का डॉक्ट्रेट की मानद उपाधि मिलने पर जिला शाखा द्वारा किया गया सम्मान**

बालाघाट।

भारत देश में भारतीय बौद्धो की सर्वोच्च धार्मिक संस्था दि बुद्धिस्ट सोसायटी आफ इंडिया के राष्टीय कार्याध्यक्ष एवं SSD के राष्टीय अध्यक्ष बोधीसत्व डा. बाबासाहेब आंबेडकर जी के पौत्र डॉ. भीमराव यशवंतराव आंबेडकर जी के नेतृत्व एवं निर्देश से पूरे भारत में धम्म कार्य गतिमान हो रहा है, इसी क्रम में मप्र में भी प्रदेश अध्यक्ष डॉ. चरनदास ढेंगरे एवं उनकी टीम द्वारा धम्म संस्था के माध्यम से निरंतर धम्म कार्य गतिमान किया जा रहा है। दिनांक 6 अप्रैल को जबलपुर मुख्यालय के इंडियन काफी हाऊस, करमचंद चौक में संस्था के राष्टीय संघठक गौतम पाटील साहब भोपाल के मुख्यातिथ्य में,डॉ.चरनदास ढेंगरे प्रदेश अध्यक्ष म.प्र. द बालाघाट की अध्यक्षता में, जिला एवं नगर शाखा जबलपुर का पुनर्गठन सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर प्रमुख अतिथि के रूप में मेजर डा.उत्तम प्रधान प्रदेश महामंत्री, मेजर डा. शांताराम वाघ प्रदेश उपाध्यक्ष इंदौर, बी.सी.सहारे प्रदेश कोषाध्यक्ष भोपाल, राजकपुर कामडे प्रदेश सचिव बालाघाट, अतिथि के रूप में मंचासीन थे। इस अवसर पर मध्यप्रदेश राज्य के अध्यक्ष डा. ढेंगरे, डा. मेजर प्रधान एवं डा. वाघ सर का डाक्ट्रेट की उपाधी मिलने पर जिला शाखा द्वारा सम्मान किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि गौतम पाटिल साहब सभी संबोधित करते हुए बताया कि धम्म संस्था सर्वोपरि हैं ,सभी पदाधिकारियों ने आपसी मतभेद भूलकर धम्म संस्था के माध्यम से धम्म का कारवां निरंतर गतिमान करने का आव्हान किया। वही कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ.चरनदास ढेंगरे ने बताया कि जो साथी स्वयं पद मांगते है वे धम्म कार्य नही कर सकते, जो साथी निष्ठा एवं निरंतर संघठन के माध्यम से कार्य करते है उन्हें संघठन में पद स्वतः मिल जाते है। सभी से संस्था के संविधान अनुसार धम्म कार्य करने की अपील की गई। उपस्थित साथियों से सहमति पत्र लेकर चयन कमेटी की अनुशंसा पर जिला एवं नगर शाखा जबलपुर की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें जिला अध्यक्ष यादवराव मेश्राम, महासचिव आनंद भारसाखले, कोषाध्यक्ष सिद्धार्थ उरकुडे , उपाध्यक्ष अमर उद्धव,मनीषा पुनवटकर, विजय कुमार फुले, सचिव सुनील मानेकर,भीमराव साखरे, दीनदयाल रामटेके, देवदास घुटके, दुर्गेश मानेकर, वंदना मेश्राम, मधुकर जवरे, लेखा परीक्षक दिलीप घोघरे, संघठक जे पी नन्हेट,रामभगत कुशवाहा एवं नगर अध्यक्ष मानव डंभारे, नगर महासचिव नितीन गणभिये, कोषाध्यक्ष अजीत लोनारे, एवं म.प्र. राज्य शाखा के रिक्त पदो में प्रदेश सचिव मनोज निकोसे पूर्व जिलाध्यक्ष भोपाल, राज्य संघठक चंद्रकुमार नरवडे, जबलपुर के पूर्व जिलाध्यक्ष दीपक आठकने को प्रदेश सचिव, मालाताई चिकाटे प्रदेश सचिव,पूर्व महामंत्री एड.एस एल वर्मा, राज्य संघठक आदि पदो पर डॉ. ढेंगरे ने नियुक्तियां प्रदान की। इस आयोजन की व्यवस्था दीपक आडकने एवं उनकी टीम ने की। इस समारोह को सफल करने में उमाकांत गजभिये, शैलेन्द्र पुनवटकर पूर्व प्रदेश सचिव, राजकुमार पाटील एवं अन्य की रही।

## अज्ञात वाहन से हुई टक्कर में चार बालिकाओं के पिता की मृत्यु बाद क्लेम भुगतान में मिले 15 लाख रुपये

**जमीन बेचकर कराया बालाघाट, गोंदिया व नागपुर में उपचार**

**इंडिया पोस्टल पेमेंट बैंक की दुर्घटना बीमा बनी मोतीचूर परिवार का सहारा**

**मृतक कृष्ण के परिवार को 755 रुपये की सालाना प्रीमियम पर मिली 15 लाख रुपये का क्लेम**

बालाघाट

कनकी गांव में छोटी सी किराना दुकान चलाने वाले 58 वर्षीय दुकानदार स्व. श्री कृष्ण मोतीचूर 10 मई को दुकान बंद कर जब घर पहुँच रहे थे। उसी समय अज्ञात वाहन द्वारा टक्कर में सर में गंभीर चोट आयी। ऐसी स्थिति में 4 बालिकाओं वाले परिवार में अचानक विपत्तियां आ खड़ी हुई। बेटी शुभी ने बताया कि दुर्घटना के बाद परिवार पर बड़ी आपत्ति आई। इलाज के लिए रुपये नही होने से 2 लाख रुपये में जमीन बेचनी पड़ी। फिर गोंदिया और नागपुर में इलाज




भी कराया। लेकिन इलाज के दौरान ही मृत्यु हो गई। कनकी गांव के परिवार में दुकान ही आसरा बची। वो भी गाँव मे कुछ खास आर्थिक लाभ नही दे पायी। कृष्ण मोतीचूर ने 30 मार्च 2024 को डाक विभाग में इंडिया पोस्ट पोस्टल बैंक में समूह दुर्घटना सुरक्षा बीमा करवाया था। परिवार के सदस्यों के लिए पिता की मृत्यु के बाद डाक विभाग द्वारा 15 लाख रुपये का क्लेम प्रदान किया गया।सोमवार को पूरी कार्यवाही के बाद बेटी शुभी को क्लेम की राशि 15 लाख रुपये प्रदान किए गए।

**क्या है बीमा योजना-** पोस्ट ऑफिस अधीक्षक श्री धनेंद्र ने बताया कि कोई भी व्यक्ति जिसकी आयु 18 से 65 वर्ष है। इस बीमा योजना का लाभ ले सकते है। इसमें तीन अलग-अलग योजना है। जो साधारण वार्षिक प्रीमियम पर प्राप्त की जा सकती है। 5 लाख बीमा के लिए 355 रुपये सालाना, 10 लाख के लिए 555 रुपये और 15 लाख रुपये की बीमा पॉलिसी के लिए मात्र 755 के सालाना प्रीमियम पर दुर्घटना में आंशिक या पूर्ण विकलांग या मृत्यु पर लाभ दिया जाता है। आकस्मिक दुर्घटना में मृत्यु व स्थायी आंशिक विकलांगता पर बीमा राशि का 100 प्रतिशत क्लेम दिया जाता है। इसके अलावा वार्षिक स्वास्थ्य जांच, बच्चों के विवाह में 50 से 1 लाख रुपये तथा दुर्घटना चिकित्सा प्रतिपूर्ति के लिए 1 लाख रुपये व अंतिम संस्कार व्यय भी प्रदाय किया जाता है। यह पॉलिसी एक साल के लिए लागू है लेकिन इसको हर साल रिन्यू करवाना होता है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत डोंगरिया ज.प. लालबर्रा**

कं./क्यू/ **निविदा आमंत्रण सूचना** दिनांक 7/4/2015

कार्या ग्राम पंचायत डोंगरिया ज.प. लालबर्रा अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में दिनाक 01/04/2025 से 31/3/2026 तक की अवधि हेतु मनरेगा 15 वा वित्त, 5 वां वित्त राज्य वित्त, गौण खनिज विधायक सांसद निधी व अन्य योजना अन्तर्गत निमार्ण कार्य हेतु ईट, रेत, गिट्टी, लोहा, सीमेन्ट, टेंकर, मुरूम, दरवाजा, खिडकी, मिक्सर मशीन, स्टेशनरी, फोटो कापी, तथा अन्य समाग्री सप्लायर जिनका जीएसटी पंजीयन हो एवं कम दर वाले सप्लायर को प्राथमिकता दी जायगी। 7/4/2025 से 9/4/2025 तक निविदा बंद लिफाफे में कार्यालय में जमा कर सकता है।नियमो के लिए ग्राम पंचायत से संपर्क किया जा सकता है।

श्रीमति हस्तरेखा वारके, सरपण ग्रा.पं. डोंगरिया
विपक्ष कुमरे, सचित ग्रा.पं. डोंगरिया
धनराज वजनघाटे, रोजगार सहायक ग्रा.पं. डोंगरिया

**कार्यालय ग्राम पंचायत निलजी ज.प. लालबर्रा**

कं./क्यू/ **निविदा आमंत्रण सूचना** दिनांक 7/4/2015

कार्या ग्राम पंचायत निलजी ज.प. लालबर्रा अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में दिनाक 01/04/2025 से 31/3/2026 तक की अवधि हेतु मनरेगा 15 वा वित्त, 5 वां वित्त राज्य वित्त, गौण खनिज विधायक सांसद निधी व अन्य योजना अन्तर्गत निमार्ण कार्य हेतु ईट, रेत, गिट्टी, लोहा, सीमेन्ट, टेंकर, मुरूम, दरवाजा, खिडकी, मिक्सर मशीन, स्टेशनरी, फोटो कापी, तथा अन्य समाग्री सप्लायर जिनका जीएसटी पंजीयन हो एवं कम दर वाले सप्लायर को प्राथमिकता दी जायगी। 7/4/2025 से 9/4/2025 तक निविदा बंद लिफाफे में कार्यालय में जमा कर सकता है।नियमो के लिए ग्राम पंचायत से संपर्क किया जा सकता है।

फिरोज खान, सरपण ग्रा.पं. निलजी
परसराम पटले, सचित ग्रा.पं. निलजी
नितेष टेकाम, उप सरपंच ग्रा.पं. निलजी